नवरात्रि ७ दिन (वृद्धि)

माँ महागौरी

यह रूप पवित्रता का प्रतीक है, जो हमें जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

# सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 55 ■ अंक : 285 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12

श्रीगंगानगर, रविवार, 18 अक्टूबर, 2026

seema-sandesh.com

ROYAL ENFIELD




THE 2026 HUNTER 350

HUNT IN NEW COLOURS.

कीमत ₹1.37 लाख से शुरू।*

कॉल करें +91 8657 46 8657.

rtōwn

BUY • SELL • EXCHANGE

Exchange now and avail loyalty benefits of up to ₹6500. Available in select stores only.*

*T&C Apply.

# ट्रक से टकराई बस, 28 यात्री घायल, 11 प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर

## बस की आरसी निलंबित होने की जानकारी सामने आई

**झपकी लगने से हुआ हादसा**

**सीमा सन्देश# सूरतगढ़।**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्री सीमेंट फांटे के पास निजी ट्रैवल्स की बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक सहित 28 यात्री घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद 11 गंभीर घायलों को श्रीगंगानगर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जबकि अन्य का ट्रोमा सेंटर में उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही राजियासर पुलिस ने राहत कार्य किया। पुलिस के अनुसार निजी बस जयपुर से सूरतगढ़ होते हुए रायसिंहनगर जा रही थी। श्री सीमेंट फांटे के पास बस ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही थानाधिकारी चंद्रभान, सहायक उप निरीक्षक सज्जन सिंह मीणा, हवलदार टीकम चंद सहित थर्मल व बिरधवाल चौकी स्टाफ ने घटनास्थल पहुंचकर घायलों को 108 एम्बुलेंस से ट्रोमा सेंटर भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर थाने में खड़ा करवा दिया। प्रारंभिक रूप से चालक को झपकी लगने की बात सामने आ रही है। इस संबंध में राजियासर पुलिस कार्रवाई कर रही है। करीब 10 साल पुरानी इस बस (आरजे 13पीबी, 1100) की आरसी निलंबित होने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पंजीयन प्रमाणपत्र निलंबित होने के बावजूद बस सड़क पर कैसे दौड़ रही थी। राजियासर क्षेत्र में वाहनों की जांच के लिए नियमित नाके लगाए जाने के बावजूद ऐसे वाहन सड़कों पर चल रहे हैं तो परिवहन विभाग पर सवाल उठ रहे हैं।



### हादसे में यह हुई घायल और रेफर

हादसे में ज्यादातर घायल श्रीविजयनगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़ आदि क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। ट्रॉमा सेंटर के अनुसार हादसे में सुशील पुत्र दुल्लाराम निवासी श्योपुरा, कविता पत्नी सुशील निवासी श्योपुरा, मीरा देवी पत्नी रामस्वरूप निवासी जयपुर, हजारीलाल मीणा पुत्र सूरजलाल निवासी दौसा, सुशील पुत्र रवि निवासी जैतसर, अशोक पुत्र महावीर प्रसाद निवासी रायसिंहनगर, पालाराम पुत्र सुभाष चंद्र निवासी गोविंदपुरा, महेश पुत्र सांवरराम निवासी सीकर, पंकज पुत्र पृथ्वीराज निवासी गुरुसर मोडिया, देवीलाल पुत्र सीताराम निवासी रिडमलसर, भागीनंद पुत्र प्रेमचंद निवासी टोंक, नानक पुत्र किशन चंद निवासी विद्याधर नगर जयपुर, नेहा पत्नी दीपक कुमार निवासी पंजाब, गिरधारी पुत्र भागीरथ निवासी चक कालूवाला, प्रिंस पुत्र बालकृष्ण निवासी 3 एसएचपीडी, बलराम पुत्र सुभाष निवासी गंगानगर, यश पुत्र योगेश निवासी विजयनगर, बीरो देवी पत्नी धोलिया निवासी हनुमानगढ़, सुशील कंवर पत्नी पृथ्वी सिंह निवासी सीकर, किरण कंवर पत्नी नरेश निवासी रामपुरा, नरेश पुत्र कालूसिंह निवासी रामपुरा, नंदलाल पुत्र मोहनलाल निवासी 28 पीबीएन, रणवीर पुत्र श्याम सिंह निवासी विजयनगर, राजूसिंह पुत्र रामाराम निवासी सूरतगढ़, तारूराम पुत्र हरिराम निवासी बीरमाना, अंकिता पुत्री तारूराम निवासी बीरमाना, राहुल पुत्र भागीरथ निवासी अनूपगढ़ और हुकमाराम पुत्र मगाराम निवासी विजयनगर सहित अन्य लोग घायल हुए। इनमें सात पुरुष और चार महिलाएं गंभीर घायल हैं। जिन्हें श्रीगंगानगर रेफर किया गया।

# साइबर ठगी: पीड़ित को 45,000 की राशि दिलवाई

**श्रीविजयनगर।** पुलिस द्वारा लगभग दो वर्ष पुराने साइबर ठगी के मामले में पीड़ित को 45,000 की राशि वापस दिलाई गई। इस मामले में थाना प्रभारी इमरान खान के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल विनोद ज्याणी एवं साइबर विशेषज्ञ लोहित कौशिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामले में पीड़ित को ठगी की राशि वापस दिलाने के लिए की गई कार्रवाई में साइबर विशेषज्ञ लोहित कौशिक का विशेष योगदान रहा। पुलिस टीम के समन्वित प्रयासों और बैंक से समन्वय स्थापित कर संबंधित प्रक्रिया के माध्यम से पीड़ित को 45,000 की राशि वापस प्राप्त हुई। पीड़ित मिलन यादव ने राशि वापस दिलाने में सहयोग के लिए श्रीविजयनगर पुलिस का आभार व्यक्त किया। साथ ही, श्रीविजयनगर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएँ, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



## सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

**ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं**

सीजन-2

एपिसोड 4 | 18 अक्टूबर

सीमा सन्देश

# मॉडल बदला, दाम वही! एक ही एचपी के अलग वेरिएंट व मुफ्त एक्सेसरीज के नाम पर ज्यादा पैसे तो नहीं वसूल रहे?

ट्रैक्टर किसान के लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि खेती का सबसे महत्वपूर्ण साधन और बड़ी पूंजी का निवेश है। ऐसे में नया ट्रैक्टर खरीदते समय किसान अक्सर उसकी हॉर्सपावर (एचपी), कंपनी, कीमत और आकर्षक ऑफर्स पर ध्यान देते हैं। लेकिन कई बार ट्रैक्टर के अलग-अलग वेरिएंट, फीचर्स और मुफ्त मिलने वाली एक्सेसरीज की पूरी जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें वास्तविक कीमत और सुविधाओं का सही अंदाजा नहीं लग पाता। किसानों की शिकायत रहती है कि एक ही लढ में कई वेरिएंट उपलब्ध होते हैं। उनके फीचर्स और कीमतों में हजारों रुपये का अंतर हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि किसान केवल ट्रैक्टर के मॉडल या कंपनी के नाम पर भरोसा न करें, बल्कि खरीदने से पहले यह भी समझें कि उन्हें किस कीमत पर कौन-कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं।

### वेरिएंट का खेल: एक एचपी, लेकिन फीचर्स अलग-अलग

कई कंपनियां एक ही हॉर्सपावर श्रेणी में अलग-अलग वेरिएंट पेश करती हैं। इनमें पावर स्टीयरिंग, क्लच, गियर, टायर साइज और हाइड्रोलिक क्षमता जैसे फीचर्स अलग हो सकते हैं। इन बदलावों के कारण ट्रैक्टर की कीमत भी बदल जाती है। ऐसे में किसान को यह समझना जरूरी है कि अधिक कीमत वाला वेरिएंट उसकी खेती की जरूरतों के हिसाब से वास्तव में कितना उपयोगी है। केवल अधिक फीचर्स देखकर महंगा मॉडल खरीद लेना हमेशा समझदारी नहीं होती।

### एक्सेसरीज का खेल

ट्रैक्टर खरीदते समय कई बार कंपनियों या डीलरों की ओर से टूल किट, हुक, ड्रॉबार, बंपर और अन्य सामान देने की बात कही जाती है। किसान को लगता है कि ये चीजें ट्रैक्टर के साथ मुफ्त मिल रही हैं, लेकिन जरूरी है कि वह ऑफर की शर्तों और बिल में दर्ज विवरण को ध्यान से देखे। कई बार किसी ऑफर में शामिल सामान, उसकी कीमत और उसे दिए जाने की शर्तें स्पष्ट नहीं होतीं। ऐसे में किसान को बाद में पता चल सकता है कि जिस सामान को वह मुफ्त समझ रहा था, उसके लिए अलग से भुगतान किया गया है या वह ऑफर में शामिल ही नहीं था।

**खरीदने से पहले इन बातों का रखें ध्यान:** ■ ट्रैक्टर के अलग-अलग वेरिएंट के फीचर्स और कीमतों की तुलना करें। ■ डिलीवरी के समय ट्रैक्टर पर लिखे मॉडल और वेरिएंट का नाम बिल में दर्ज विवरण से मिलाएं। ■ कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ब्रोशर या अधिकृत डीलर से फीचर्स की पुष्टि करें। ■ यह भी देखें कि अतिरिक्त कीमत किस सुविधा के लिए ली जा रही है और वह सुविधा आपके काम की है या नहीं।

**किसान की जुबानी:** बिल और डिलीवरी में जरूर करें मिलान: ट्रैक्टर खरीदते समय किसान को केवल कुल कीमत देखकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उसे यह भी जांचना चाहिए कि बिल में दर्ज मॉडल, वेरिएंट, फीचर्स और एक्सेसरीज वही हैं, जिनका वादा डीलर ने किया था। यदि ट्रैक्टर पर दर्ज मॉडल का नाम बिल से अलग है या वादा किया गया सामान नहीं मिला है, तो किसान को तुरंत डीलर से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए।

**- अरविंद गोदारा, प्रगतिशील किसान, लालगढ़ जाटान**

**दूसरा पक्ष: कंपनियों और डीलरों की नीति भी समझें :** हर कीमत का अंतर या हर एक्सेसरी पर लिया गया भुगतान गलत नहीं होता। अलग-अलग वेरिएंट में तकनीकी अंतर, अतिरिक्त सुविधाएं, कर और अन्य मदों के कारण कीमत बदल सकती है। इसी तरह, कुछ एक्सेसरीज किसी विशेष मॉडल या ऑफर में ही शामिल होती हैं। इसलिए किसी भी कंपनी या डीलर के बारे में निष्कर्ष निकालने से पहले तथ्यों की जांच जरूरी है।

### कम्पनी नहीं कुछ डीलर करते हैं गड़बड़



आमतौर पर अलग-अलग ट्रैक्टर कम्पनी ट्रैक्टर के साथ 4-5 पार्टस देती है। एक तरह से इनका पैसा ट्रैक्टर की खरीद में जुड़ा होता है। परन्तु कुछ डीलर इतने शातिर होते हैं कि ग्राहक को कम्पनी की ओर से ट्रैक्टर के अलावा उसके साथ आने वाली अन्य एक्सेसरीज की सही जानकारी नहीं देते। जब ग्राहक उन सामान्य एक्सेसरीज को लगाने की मांग करता है तो उनके अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है। कुछ तो ऐसे भी है जो एक्सेसरीज की जानकारी देते हैं परन्तु कम्पनी द्वारा दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण और हैवी पार्ट की जगह हल्की एक्सेसरी दिखाते हैं और इससे हैवी लगवाने का अतिरिक्त चार्ज लेते हैं। जब लाखों रुपए लगाकर कोई ट्रैक्टर या कोई भी सामग्री खरीद कर रहा है तो उसे कम्पनी से मिलने वाली सभी सामग्री मिलनी चाहिए। यह प्रत्येक उपभोक्ता का हक भी है। कम्पनी दे रही तो डीलर में इस तरह की गड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। खरीददार को भी ट्रैक्टर या कोई सामग्री खरीदने से पहले कम्पनी की वेबसाइड पर संबंधित मॉडल और उसके साथ मिलने वाली सामग्री के बारे मे पड़ताल करनी चाहिए। अगर ऑन लाइन प्राप्त नहीं कर सकते तो कम्पनी के टोल फ्री नम्बरों पर भी इसकी जानकारी मिल जाती है। **- मनीष कड़वासरा, कड़वासरा इंप्लीमेंट संगरिया**

### कम्पनी का सामान लगाया तो बिल भी मिलेगा



आम तौर पर बड़े वाहनों में कोई की ग्राहक सस्ता या नकली पार्ट नहीं डलवाता। क्योंकि उसे पता होता है चंद रुपए के लालच में उसका लाखों को वाहन जल्द खराब हो सकता है या बीच रास्ते में कोई और परेशानी पैदा कर सकता है। बाजार में बड़ी संख्या में स्पेयपार्ट का सामान डुप्लीकेट या नकली मिल रहा है। इसके बारे में कई बार तो सिर्फ दुकानदार को ही पता होता है कि वह असली बता कर नकली सामान दे रहा है। कई बार काम करने वाले मिस्त्री पर भी निर्भर करता है वह कैसा है। अगर मिस्त्री बढिया होगा तो वह आपको ट्रैक्टर में डाले गए किसी भी पार्ट का ओरिजनल बिल देगा। कम्पनी का सामान होगा तो बिल भी कम्पनी का देना होगा। कुछ ट्रैक्टर कम्पनियां है जिनका सामान आसानी से शो -रुम के अलावा या यूं कह ले उसकी कॉपी बाजार में मिल जाती है। परन्तु इसे डालने से पहले भी मिस्त्री वाहन मालिक से पूछता है ताकि बाद में उसे कोई विवाद का सामना ना करना पड़े। बाजार में न्यू होलेंड ही ऐसा ट्रैक्टर है जिसमें कम्पनी के अलावा कोई दूसरा पार्ट डल ही नहीं सकता। यहीं इसे सबसे अलग भी बनाती है।

**- रूपसिंह, संगा ट्रैक्टर्स, ट्रैक्टर मार्केट श्रीगंगानगर।**

### सीमा संदेश की सलाह: जो लिखा है, वही लें; जो मुफ्त है, उसका पैसा न दें

कल · 19 अक्टूबर

**"GST घटा, दाम क्यों नहीं?"**

**आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं**

बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें

93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

पैरों की नसों और रक्त प्रवाह संबंधी रोगों की होगी जांच, एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल में 24 को आएंगे

# श्रीगंगानगर में वैस्कुलर सर्जन डॉ. आदर्श काबरा देंगे परामर्श



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** पैरों की नसों और धमनियों से जुड़ी बीमारियों से परेशान मरीजों के लिए राहत की खबर है। शिव चौक के निकट स्थित एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल में 24 अक्टूबर को वैस्कुलर सर्जन डॉ. आदर्श काबरा विशेष परामर्श देंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित ओपीडी में मरीजों की जांच करेंगे। डॉ. आदर्श काबरा पेरिफेरल वैस्कुलर सर्जरी के विशेषज्ञ हैं और एपेक्स हॉस्पिटल मालवीय नगर जयपुर में सेवाएं देते हैं। साधारण भाषा में समझें तो यह शरीर के उन रक्त वाहिकाओं (धमनियों और शिराओं) से जुड़े रोगों का उपचार है, जो हृदय और मस्तिष्क के अलावा हाथों, पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों में रक्त पहुंचाती हैं। कई बार इन रक्त वाहिकाओं में रुकावट हो जाती है।

**जांघ या पिंडली में दर्द होता है और नसें उभर जाती हैं :** परामर्श के दौरान टखनों के आसपास सूजन, पैरों में उभरी और मुड़ी हुई वैरीकोज नसें,



त्वचा का रंग बदलना, शिरापरक (वेनस) अल्सर, चलते समय जांघ या पिंडली में दर्द, पैरों में लगातार या रात के समय होने वाला दर्द, पैरों का ठंडा या सफेद पड़ जाना, घाव का लंबे समय तक नहीं भरना तथा गैंग्रीन जैसी समस्याओं से ग्रसित मरीज विशेषज्ञ से परामर्श ले सकेंगे। डॉ. काबरा के अनुसार कई बार नसों के वाल्व ठीक से काम नहीं करते, जिससे रक्त का प्रवाह नीचे की ओर या उलटी दिशा में होने लगता है। इसके कारण त्वचा की सतह के पास की नसें फूलकर बड़ी और टेढ़ी-मेढ़ी दिखाई देने लगती हैं, जिन्हें वैरीकोज वेन्स कहा जाता है।

# पीएमश्री राबावि में बाल मेला व अंतर विद्यालय प्रतियोगिताएं संपन्न

**सीमा सन्देश # पदमपुर**



पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर विद्यालय प्रतियोगिता तथा पूर्व प्राथमिक बाल मेला आयोजन में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों की छात्राओं की सहभागिता रही। बच्चों ने अपनी शैक्षणिक व मानसिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (बाल मंदिर) के प्रधानाचार्य मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व व संयोजन में संपन्न हुईं। छह अलग-अलग विधाओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमला परिहार ने कहा आज सरकारी विद्यालयों की छात्राएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। यह प्रतियोगिता केवल हार-जीत के लिए नहीं, बल्कि छात्राओं के भीतर छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक क्षमता को बाहर निकालने का माध्यम है। विभाग का सदैव प्रयास है कि हर बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ऐसा मंच मिले। प्रधानाचार्य पुष्पा पांडे ने कहा, पीएम श्री योजना के तहत हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ना है। प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने कहा, शहरी क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों की भागीदारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया है। सभी छात्राओं ने कड़ी मेहनत की है और हमारा उद्देश्य हर सरकारी स्कूल के विद्यार्थी के भीतर छिपी नेतृत्व क्षमता को तराशना है। एसीबीईओ हरबंस सिंह संधू सहित अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारीयों ने व्यवस्थाओं की सराहना की। उप प्रधानाचार्य दिलदीप कौर, उप प्रधानाचार्य रितू गेरा, व्याख्याता निशा कंबोज, दौलत सुथार , रामजस, मनिंदर सिंह, सुमन पूनिया, अंजुबाला बिश्नोई, नरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, विजयलक्ष्मी सहित अनेक शिक्षक और शिक्षाविद उपस्थित रहे। एनटीटी अध्यापक पायल शर्मा, सहायिका रानी, मनीष कुमार,शुभम मोंगा, सुरजीत सिंह, लवप्रीत कौर, हनीश बंसल तथा करणदीप सिंह की टीम सहयोगी बनी।


# श्रीगंगानगर में कैरटलेन का शुभारंभ कल

## डायमंड ज्वेलरी पर मिलेगा फ्लैट 20% का विशेष डिस्काउंट

CARATLANE
A TATA PRODUCT



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** आभूषण प्रेमियों और शहरवासियों के लिए खुशखबरी है कि देश के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक कैरटलेन (A TATA Product) का नया और भव्य स्टोर अब राजस्थान के श्रीगंगानगर में खुलने जा रहा है। कैरटलेन शोरूम के संचालक सन्नी सेठी ने बताया कि इस शानदार स्टोर का ग्रैंड लॉन्च 19 अक्टूबर को 50-51, एन-ब्लॉक, गौशाला रोड, श्रीगंगानगर में सुबह 11:00 बजे किया जाएगा। टाटा समूह की विश्वसनीयता के साथ कैरटलेन अपने ग्राहकों के लिए आधुनिक शैली, बेहतरीन फिनिशिंग और सदाबहार डिजाइनों वाली उत्कृष्ट ज्वेलरी लेकर आया है। इस नए शोरूम में लाइट-वेट डेली वियर से लेकर शादियों और खास अवसरों के लिए उपयुक्त एक से बढ़कर एक मनमोहक डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के विशाल कलेक्शंस उपलब्ध होंगे।

### लॉन्च का आकर्षक आफर

इस उद्घाटन समारोह को शहरवासियों के लिए और अधिक यादगार बनाने के लिए ब्रांड की ओर से एक शानदार स्पेशल लॉन्च आफर पेश किया गया है। कंपनी प्रबंधन और स्टोर टीम ने श्रीगंगानगर के समस्त नागरिकों, ज्वेलरी प्रेमियों और गणमान्य अतिथियों को इस भव्य शुभारंभ समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यदि आप भी बेहतरीन डिजाइनों और इस आकर्षक छूट का लाभ उठाना चाहते हैं, तो नए स्टोर पर जरूर आयें।

**विशेष छूट** स्टोर के लॉन्च के अवसर पर सभी डायमंड ज्वेलरी पर फ्लैट 20% की भारी छूट दी जा रही है।





## ख्यालीवाला (11 एलएनपी) में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भावपूर्ण समापन

# दान से शुद्ध होता है धन, अहंकार त्याग प्रभु का स्मरण करें: किशोरी

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

समीपवर्ती गांव ख्यालीवाला (11 एलएनपी) में चौधरी भागीरथ रिणवां के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का अंतिम दिन अत्यंत भावुक और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कथा व्यास, श्री धाम वृन्दावन की सुप्रसिद्ध प्रवक्ता पूज्य लाडली किशोरी ने सातवें दिन सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया तथा सांसारिक जीवन में धन के सदुपयोग और उसकी वास्तविक गति पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**सच्ची मित्रता और निस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैं सुदामा:** कथा व्यास ने



सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का प्रसंग संसार को मित्रता, संतोष और निष्काम भक्ति की सर्वोच्च सीख देता है। सुदामा जी परम ज्ञानी, संतोषी और प्रभु के अनन्य भक्त थे। वे कभी भी किसी सांसारिक वैभव के आकांक्षी नहीं रहे।

**धन की तीन गतियां: दान, भोग और नाश:** धन के आध्यात्मिक व व्यावहारिक मर्म को समझाते हुए पूज्य लाडली किशोरी ने कहा कि शास्त्रों में धन की तीन गतियां बताई गई हैं–दान, भोग और नाश।



**दान (उत्तम गति):** धन की सबसे श्रेष्ठ और पावन गति दान है। जो मनुष्य अपनी कमाई में से धर्म, परोपकार, दीन-दुखियों की सहायता और मंदिर सेवा में धन लगाता है, उसका धन सदैव पवित्र और अक्षय रहता है। दान से केवल धन की शुद्धि ही नहीं होती, बल्कि मनुष्य के संचित पापों का भी क्षय होता है।

**भोग (मध्यम गति):** धन की दूसरी गति भोग है, जिसमें व्यक्ति अपने और अपने परिवार के भरण-पोषण व भौतिक आवश्यकताओं पर व्यय करता है। यह मध्यम श्रेणी की गति है।

**नाश (अधम गति):** जो मनुष्य न तो दान करता है और न ही अपने जीवन में उसका उचित उपभोग करता है, बल्कि केवल धन का संचय और लोभ करता है, उसके धन की तीसरी गति यानी ह्यनाशह्न निश्चित है। ऐसा धन अंततः व्यर्थ नष्ट हो जाता है। आयोजन के समापन पर आयोजक शिवप्रकाश रिणवां व राजेन्द्र कुमार रिणवां ने सभी संतों, अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कथा में संकलित समस्त दान राशि ख्यालीवाला स्थित हनुमान मंदिर के विकास कार्य में समर्पित की जाएगी। महाआरती के बाद विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ग्रामीणों ने इस धार्मिक कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, निस्तारण की मांग

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर बिजलीघर मजदूर यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जोधपुर डिस्कॉम के श्रीगंगानगर स्थित अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान यूनियन की ओर से कर्मचारी एवं डिस्कॉम हित से जुड़ा एक ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फेडरेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा और यूथ इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष सुनील गिरी ने संयुक्त रूप से किया। जिलाध्यक्ष सुनील गिरी ने बताया कि वार्ता के दौरान दीपावली के दौरान कर्मचारियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और लाइन डिटेक्टर्स उपलब्ध कराने, कर्मचारियों को नियमानुसार साइकिल अलाउंस जारी करने, दीपावली पर अतिरिक्त कार्य के लिए समय पर ओवरटाइम के आदेश जारी कर पर्व के बाद मिलने वाले प्रथम वेतन में भुगतान सुनिश्चित करने, कर्मचारियों के लंबित यात्रा भत्ता बिलों तथा विभिन्न कार्यालयों में पड़े पुराने टीए क्लेम का दीपावली से पहले भुगतान करने और ठेके पर दिए गए पावर हाउसों में नियमानुसार पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, उनकी उपस्थिति और कार्य व्यवस्था का औचक निरीक्षण करवाने की मांग कि। वार्ता के दौरान अधीक्षण अभियंता ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ७ दिन (वृद्धि)

माँ महागौरी

यह रूप पवित्रता का प्रतीक है, जो हमें जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है

# सीमा सन्देश

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 55 ■ अंक : 285 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, रविवार, 18 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

## न्यूज इन ब्रीफ

### बच्चों को नेट से दूर करना ठीक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के नाम पर इंटरनेट से पूरी तरह दूर नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि बच्चों को भी इंटरनेट इस्तेमाल करने का मौलिक अधिकार है, जो निजता, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी चंद्रन की पीठ ने कहा कि प्रतिबंधों से बच्चे असुरक्षित प्लेटफॉर्म की ओर जा सकते हैं और ऑनलाइन दुर्व्यवहार की शिकायत करने में भी झिझक सकते हैं। अदालत ने बच्चों की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया पर चाइल्ड मोड, निजी अकाउंट, अनजान संपर्कों पर रोक और अभिभावकीय निगरानी जैसे उपायों पर जोर दिया। साथ ही बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री पर सख्ती बरतते हुए प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना और अवैध कमाई जब्त करने की व्यवस्था पर विचार करने को कहा है।

### राठौड़ की गिरफ्तारी की जाए : कांग्रेस

**बूंदी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पाकिस्तान के साथ खड़े होने संबंधी बयान पर कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बूंदी में जिला कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राठौड़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने बयान को देश की भावनाओं के खिलाफ बताते हुए भाजपा नेतृत्व से उन्हें पद से हटाने और मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महावीर मीणा ने इसे राष्ट्रीय सम्मान से जुड़ा गंभीर मामला बताया।

कमजोर मानसून-घटते उत्पादन के बीच केन्द्र ने बदली रणनीति

# गन्ने से एथेनॉल पर रोक, चीनी की कीमत घटाने की कोशिश

**नई दिल्ली।** देश में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सरकारी तेल कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि 1 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले नए आपूर्ति वर्ष में गन्ने के रस, चीनी सिरप और बी-हेवी शीरे से बने एथेनॉल की खरीद नहीं की जाए। यह निर्णय कमजोर मानसून और अल नीनो के प्रभाव से गन्ना उत्पादन प्रभावित होने की आशंका के बीच लिया गया है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में फसल को नुकसान पहुंचा है, जिससे चीनी उत्पादन घटने की संभावना है।




सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, नुमालीगढ़ रिफाइनरी और मैंगलोर रिफाइनरी ने नए आपूर्ति वर्ष के लिए करीब 1100 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीद का संयुक्त टेंडर जारी किया है। इसमें गन्ने या चीनी आधारित एथेनॉल के लिए कोई प्रस्ताव नहीं मांगा गया है। अब एथेनॉल उत्पादन के लिए सी-हेवी शीरा, मक्का, खराब खाद्यान्न और भारतीय खाद्य निगम के अतिरिक्त चावल जैसे विकल्पों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### ■ वैश्विक स्तर पर भी चीनी संकट

भारत के अलावा ब्राजील और यूरोप में भी सूखे और मौसम परिवर्तन के कारण चीनी उत्पादन प्रभावित हुआ है। वैश्विक बाजार में चीनी कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के इस फैसले से चीनी आपूर्ति को मजबूती मिलेगी, लेकिन एथेनॉल उद्योग को अनाज आधारित उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी।

### ■ मिलों को चीनी बेचने की अनुमति

सरकार ने चीनी मिलों को अक्टूबर 2026 में उत्पादित अतिरिक्त चीनी को अक्टूबर और नवंबर दोनों महीनों में बेचने की अनुमति भी दी है। इससे बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और त्योहारी सीजन में कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी। भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य समय से पहले हासिल किया है। हालांकि, कमजोर मानसून और गन्ने की कमी ने सरकार के सामने खाद्य सुरक्षा और हरित ऊर्जा के बीच संतुलन की चुनौती खड़ी कर दी है।

### सवाल पूछना अराजकता नहीं : गहलोत

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विपक्ष के आंदोलनों को अराजकता बताए जाने पर भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन की मांग लोकतांत्रिक अधिकार है, अपराध नहीं। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हुए आंदोलन शांतिपूर्ण रहे और लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना, विरोध दर्ज कराना तथा जनता के बीच जाकर सत्ता परिवर्तन की मांग करना संविधानसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा है।

### दुर्गा पूजा में भगदड़ से हादसा

**कोलकाता।** उत्तर कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में अचानक तेज बारिश के बाद मची भगदड़ में कई लोगों की मौत की खबर है। रिपोर्ट के अनुसार, कलकत्ता मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 17 लोगों को मृत घोषित किया गया है, जबकि 30 से अधिक घायलों को भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# कानूनी पेशा सुविधा नहीं, सिद्धांतों और साहस का रास्ता : सीजेआई सूर्यकांत

दीक्षांत समारोह ● युवा अधिवक्ताओं से न्याय के मूल्यों पर अडिग रहने का आह्वान

**बेंगलुरु।**

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने युवा कानून स्नातकों से पेशेवर जीवन में ईमानदारी, साहस और संवैधानिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कानूनी पेशा कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। इसमें कानून की जानकारी के साथ सही बात के पक्ष में खड़े होने का साहस और अनसुनी आवाजों को सुनने की संवेदनशीलता भी जरूरी है।



बेंगलुरु। दीक्षांत समारोह में सीजेआई तथा अन्य अतिथि।

### ■ सुविधा-शॉर्टकट से बचने की सलाह

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि पेशेवर जीवन में ऐसे अवसर आएंगे, जब सुविधा और आसान रास्ते आकर्षक लगेंगे, लेकिन अधिवक्ताओं को अपने सिद्धांतों और संस्थान से मिले मूल्यों पर कायम रहना चाहिए। किसी भी वकील की असली पहचान उसकी ईमानदारी और नैतिक आचरण से बनती है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कहा कि वे केवल कानून के जानकार न बनें, बल्कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के रक्षक, समाज के सेवक और संविधान के प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका निभाएं।

### ■ निष्पक्षता और संवाद जरूरी

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि बौद्धिक स्वतंत्रता के लिए निष्पक्ष सोच आवश्यक है। किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों को सुनना, व्यक्ति को उसके पद और पहचान से अलग देखना तथा असहमति व्यक्त करते समय सम्मान बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कानून कोई स्थिर विषय नहीं है, बल्कि अधिवक्ताओं के विचारों, दलीलों और फैसलों के माध्यम से लगातार विकसित होता रहता है।

### ■ कानून शिक्षा का उद्देश्य व्यापक

सीजेआई ने कहा कि कानूनी शिक्षा केवल किताबों और पुराने मामलों तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य छात्रों में अलग-अलग दृष्टिकोणों को समझने, जटिल समस्याओं का समाधान खोजने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने स्नातकों से कहा कि देश उन्हें केवल कानून विशेषज्ञों के रूप में नहीं, बल्कि न्याय और उम्मीद के वाहक के रूप में देखता है। समारोह में कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायाधीश, विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली।** महिला पत्रकार ऋचा पाराशर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कर एफआईआर की मांग की है। उनका आरोप है कि 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के पास 'इंडिया' गठबंधन के प्रदर्शन की रिपोर्टिंग के दौरान राहुल गांधी ने उनका हाथ पकड़कर खींचा, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने धक्का दिया।

दिल्ली ● हाईकोर्ट के पास खराब सड़क पर मुख्य सचिव को फटकार

# सुप्रीम कोर्ट के जजों ने दी धरने पर बैठने की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के पास सड़क सुरक्षा की खराब स्थिति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यदि 25 नवंबर तक ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे खुद हाई कोर्ट के मुख्य गेट पर बैठकर धरना देंगे। कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को केवल समितियां बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर सुधार दिखना चाहिए। पीठ ने मामले की वास्तविक स्थिति समझने के लिए एमिकस क्यूरी को शामिल करने का सुझाव दिया। मामला मथुरा रोड स्थित क्रॉसिंग पर ट्रैफिक प्रबंधन और पैदल यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर दिल्ली के मुख्य सचिव को अधिकारियों के साथ पेश होना पड़ेगा। अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।





## न्यूज इन ब्रीफ

### 1.30 करोड़ के गांजे सहित दो काबू

**धौलपुर।** मनिया थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार से 2 क्विंटल 61 किलो गांजा बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 1.30 करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके से आंध्रप्रदेश निवासी श्रीनिवास टी और गेडम अमर चैतन्य को गिरफ्तार कर कार जब्त की। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### अवैध पटाखा फैक्टरी पकड़ी

**चित्तौड़गढ़।** डूंगला थाना पुलिस और डीएसटी की संयुक्त टीम ने कासरना गांव के पास खेत में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने मौके से करीब 15 क्विंटल बारूद, हजारों तैयार पटाखे और निर्माण सामग्री बरामद की। कार्रवाई में 9 आरोपियों को गिरफ्तार तथा 2 नाबालिगों को डिटेन किया गया। पुलिस के अनुसार फैक्ट्री बिना अनुमति संचालित थी, जहां विस्फोट होने पर बड़ा हादसा हो सकता था।

### 18-60 करोड़ की ठगी, 21 पकड़े

**जयपुर।** जयपुर दक्षिण पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 अंतरराज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपियों से जुड़े 101 साइबर मामलों में करीब 18.60 करोड़ रुपये की ठगी सामने आई है। पुलिस ने 45.83 लाख रुपये बैंक खातों में होल्ड करवाए हैं। आरोपियों से 38 मोबाइल, नकदी, बैंक दस्तावेज, एटीएम कार्ड, फर्जी पहचान पत्र और एसयूवी कार बरामद की गई। गिरोह म्यूल अकाउंट के जरिए ठगी की रकम का लेन-देन करता था।

### एएसआई निलंबित

**कोटा।** झालावाड़ रोड स्थित निजी अस्पताल के बाहर डॉक्टर की पत्नी से कथित गाली-गलौज और दुर्व्यवहार के मामले में कोटा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एएसआई अरविंद सिंह हाड़ा को निलंबित कर दिया है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। डॉक्टर ने एएसआई पर नशे में बदसलूकी का आरोप लगाते हुए वीडियो पुलिस अधिकारियों को सौंपा। एसपी तेजस्विनी गौतम ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### पंचायत चुनाव में भाजपा का नया दांव

**जयपुर।** राजस्थान पंचायत चुनाव में भाजपा ने प्रचार का तरीका बदलते हुए रोड शो की जगह 90 प्रचार रथों को मैदान में उतारा है। इन रथों के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रोज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इन रथों के माध्यम से ग्रामीणों और कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। पार्टी का लक्ष्य सीमित समय में अधिक गांवों तक पहुंच बनाना और संगठन को मजबूत करना है।

### आज भारी बारिश-आंधी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विभाग ने रविवार, 18 अक्टूबर के लिए राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित 23 राज्यों में बारिश और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। कई क्षेत्रों में 70-75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। राजस्थान के चूरू, बारां, जयपुर, कोटा, उदयपुर सहित कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश और तेज हवा की चेतावनी दी गई है।

### किशमिश, बिस्किट व दूध में मिलावट

**नई दिल्ली।** एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर तीन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। जांच में प्रियागोल्ड बिस्किट बनाने वाली सूर्या फूड एंड एग्रो में मवेशियों के चोकर के इस्तेमाल, डोडला डेयरी के दूध में डिटर्जेंट व कास्टिक सोडा तथा वएकफ ऑर्गेनिक फूड्स की किशमिश में अधिक पेस्टीसाइड अवशेष मिले। एफएसएसएआई ने लाइसेंस निलंबन के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

---

भोपाल से खाटूश्यामजी जा रहे थे यात्री, 15 से अधिक घायल; ओम बिरला ने दिए जांच के आदेश

# कोटा में ट्रेवलर नाले में गिरी, 8 की मौत

**कोटा।**

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में आठ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा सीमलिया थाना क्षेत्र में सुबह करीब 7 बजे हुआ। मध्य प्रदेश के बैतूल से खाटूश्यामजी जा रही एक ट्रैवलर अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 20 फीट नीचे बरसाती नाले में जा गिरी।




### नींद की झपकी से हुआ हादसा

सीमलिया थाना अधिकारी नंद सिंह के अनुसार, ट्रैवलर चालक को अचानक नींद की झपकी आने से वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा। तेज रफ्तार वाहन डिवाइडर तोड़ते हुए पुलिया से नीचे जा गिरा। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस, एनएचएआई रेस्क्यू टीम और ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

**हाईवे के ब्लैक स्पॉट होंगे चिह्नित :** ओम बिरला ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे सहित प्रमुख मार्गों पर सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर सुधार कार्य किए जाएंगे। इसके लिए नवंबर में एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### अस्पताल पहुंचे ओम बिरला, जांच के आदेश

हादसे की जानकारी मिलने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा के नए अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन को बेहतर उपचार के निर्देश देते हुए घटना की जांच के लिए विशेष कमेटी गठित करने को कहा है। कोटा रेंज आईजी हरेंद्र महावर और जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने भी अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

---

त्यौहार की धूम • नवरात्रा के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन, रेणु व रजत ग्रुप रहे विजेता

# सरस्वती शिक्षण संस्थान में डांडिया-गरबा प्रतियोगिता

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।**

सरस्वती शिक्षण सदन एजुकेशनल ग्रुप, 11 एलएनपी उद्योग विहार द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षण सदन पीजी महाविद्यालय एवं सरस्वती शिक्षण सदन महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया एवं गरबा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष डॉ. बलराज जाखड़, पीजी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश मिश्रा, बीएड महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूजा रानी, कृषि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुरमीत सिंह मल्होत्रा तथा विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. अंजली जैन ने मां वैष्णो की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बीएड महाविद्यालय की रेणु एंड ग्रुप प्रथम रही। रेणु को बेस्ट डांसर तथा संजू को बेस्ट परिधान का पुरस्कार मिला। पीजी महाविद्यालय में रजत गांवड़िया एंड ग्रुप विजेता रहा। कमलजीत कौर को बेस्ट डांसर और रीतू शर्मा को बेस्ट परिधान चुना गया। पीजी महाविद्यालय की मुस्कान एंड ग्रुप तथा बीएड महाविद्यालय की संजू एंड ग्रुप उपविजेता रहे। विजेताओं को डॉ. बलराज जाखड़ ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका डॉ. गुरमीत सिंह मल्होत्रा, डॉ. पूजा रानी और डॉ. अंजली जैन ने निभाई।



डॉ. राजेश मिश्रा ने नवरात्रि का महत्व बताया, जबकि डॉ. पूजा रानी ने नवदुर्गा के स्वरूपों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन प्रियांशी खंडेलवाल तथा संचालन छात्राध्यापक रजत गांवड़िया ने किया। आयोजन में सुनील शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, रोशनलाल, प्रियंका थोरी, सरिता सहारण, अमनप्रीत कौर, सोनिया, मनदीप सिंह और रशपिंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। डॉ. राजेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

### प्रेमिका ने घर फूंका

**अमृतसर।** बाबा दीपसिंह कॉलोनी में एक युवक के घर में आग लगने से सामान सहित पूरा मकान जलकर राख हो गया। परिवार की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मामले में एक युवती की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार किया गया है, जबकि युवक की तलाश जारी है।

### मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** कुपवाड़ा जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या यह मुठभेड़ घुसपैठ की कोशिश के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर के जुमगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने शनिवार तड़के संदिग्ध गतिविधि देखी।

---

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।**

सेठ सुशील कुमार बिहाणी शिक्षा महाविद्यालय एवं सेठ जी.एल. बिहाणी एसडी पीजी महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षा महाविद्यालय में राजकीय चिकित्सालय के बीएचएस मयंक राजपाल ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए इससे दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्ष कुमार ने किया। वहीं, सेठ जी.एल. बिहाणी एसडी पीजी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी के निर्देशन में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' कार्यक्रम आयोजित हुआ। डॉ. साची गुप्ता एवं डॉ. प्राची गुप्ता ने योग क्रियाओं से कार्यक्रम की शुरूआत करवाई। विचार गोष्ठी के साथ स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम की व्यवस्था डॉ. रितु कौशिक एवं प्रो. सतनाम ने की।

### नवरात्रि में फिल्मी गानों पर डांस करने वालों पर होगी कार्रवाई

**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने नवरात्रि उत्सवों में फिल्मी गानों पर डांस और सांस्कृतिक मर्यादाओं के उल्लंघन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि यदि पूजा कार्यक्रमों में तय शर्तों का उल्लंघन होता है तो तत्काल कार्रवाई की जाए। भारत हिंदू मुन्नानी के राज्य सचिव के. डिल्ली बाबू की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस वी. लक्ष्मी नारायणन ने कहा कि नवरात्रि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कुछ स्थानों पर पूजा के नाम पर फिल्मी व अंग्रेजी गानों पर नृत्य और अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे पर्व की गरिमा प्रभावित हो रही है। याचिकाकर्ता ने गरबा और डांडिया को परंपरा का हिस्सा बताते हुए फिल्मी गानों और शराब जैसी गतिविधियों पर रोक की मांग की थी।

### 47 घंटे में सालासर डाक ध्वजा यात्रा पूरी



**श्रीगंगानगर।** सिया राम संघ की भक्ति और श्रद्धा की ओर से भक्तों ने मात्र 47 घंटे में श्रीगंगानगर से सालासर पहुंचकर डाक ध्वजा चढ़ाई। एन ब्लॉक से सालासर के लिए रवाना हुए भक्तों ने मार्ग में भजनों पर नृत्य किया और जमकर जयकारे लगाए। दीपक गोयल ने बताया कि इस यात्रा में कृष्ण गोयल, अनमोल गर्ग, अनूप अग्रवाल, वतन अग्रवाल, रजत गुप्ता, धीरज गुप्ता, केशु गर्ग, मनीष गोयल, शुभम अरोड़ा, मुकेश खुराना, निखिल ढींगड़ा, अजय वर्मा, अभिषेक शर्मा, रवि कुमार, रहीश कुमार, भीमराव, विपिन कुमार, संजय मित्तल, राकेश गोयल रिंकू, सुनील गर्ग, हर्ष गर्ग, लविश गुप्ता, दिशांत नागपाल, अंकुर सिंघल, शिव सिंघल, एडवोकेट पूर्ण घोड़ेला, गजेंद्र गोयल गज्जू, अरुण सिंघल, अरुण गर्ग, समीर बत्रा, कुबेर गोयल और अजय गर्ग शामिल रहे। रवानगी से पूर्व विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

---

### पाक में खाद्य संकट गहराया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मानवीय संगठन एक्शन अगेंस्ट हंगर की रिपोर्ट में पाकिस्तान को गंभीर खाद्य संकट झेल रहे दुनिया के 10 देशों में शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में पाकिस्तान के करीब 1.06 करोड़ लोगों को तत्काल मानवीय सहायता की जरूरत होगी। महंगाई, बेरोजगारी, प्राकृतिक आपदाएं और कृषि नुकसान ने हालात बिगाड़े हैं। नाइजीरिया, सूडान, यमन और अफगानिस्तान सहित अन्य देश भी गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे हैं।

खेल • राज्य स्तरीय शॉट पुट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत बने स्टेट चैंपियन

# बीडीआइएस के खिलाड़ी अनुराग ज्याणी ने रचा इतिहास

**सीमा सन्देश # पदमपुर।**

कस्बे के प्रतिभावान खिलाड़ी अनुराग ज्याणी पुत्र पृथ्वीराज ज्याणी ने भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉट पुट (गोला फेंक) स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। 17 वर्ष आयु वर्ग में रिकॉर्ड 18 मीटर गोला फेंककर स्टेट चैंपियन बनने का यह गौरव प्राप्त कर उन्होंने विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस स्वर्णिम सफलता का श्रेय उनकी अथक मेहनत, निरंतर अभ्यास, समर्पण तथा प्रशिक्षकों और अभिभावकों के मिले सहयोग को जाता है। विद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया है कि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के निदेशक मुकेश जाखड़ और प्रधानाचार्य बेगराज जाखड़ ने बधाई देते हुए कहा कि अनुराग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मेडल जीतकर राजस्थान को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय के छात्रों ने टोंक में आयोजित 17 वर्ष आयु वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज के युग में सिर्फ रटकर अंक प्राप्त करना ही अंतिम सफलता नहीं है। संस्था का मुख्य ध्येय विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसके तहत शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। खेलकूद में निरंतर मिल रही ये गौरवशाली उपलब्धियां इसी विजन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।



---

जोधपुर की रामकथा में बोले मुख्यमंत्री-युवाओं से सुंदरकांड पढ़ने और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का आह्वान

# कर्त्तव्य की भावना से ही बनेगा रामराज्य, अधिकारों से नहीं : सीएम

**सीमा सन्देश # जोधपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बावड़ी स्थित रघुवंशपुर आश्रम में आयोजित रामकथा में भाग लेते हुए कहा कि रामराज्य की स्थापना अधिकारों से नहीं, बल्कि कर्तव्यों के पालन से होती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में अधिकारों की चर्चा अधिक होती है, जबकि कर्तव्यों को भुलाया जा रहा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का निर्वहन करे तो समाज में समरसता और राष्ट्र की प्रगति स्वतः सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ईश्वर में अटूट विश्वास रखते हैं और मानते हैं कि जीवन में कब, कहां और क्या होना है, यह सब ईश्वर पहले से निर्धारित करता है। यही विश्वास मन को शांति देता है। उन्होंने कहा कि संत, महंत और कथावाचक समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रहे हैं। वे अच्छे-बुरे का भेद समझाते हैं और जीवन के सही मार्ग का बोध कराते हैं। भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा और जीवन-मूल्य इन्हीं संतों और ऋषि-मुनियों की देन हैं। युवाओं से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि समयाभाव के कारण पूरी रामायण पढ़ना संभव न हो तो कम से कम सुंदरकांड का अध्ययन अवश्य करें। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को अपना कर्तव्य करना चाहिए और फल की चिंता ईश्वर पर छोड़ देनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि पहले परिवारों में बुजुर्ग बच्चों को रामायण के प्रसंग सुनाते थे, लेकिन अब यह परंपरा कमजोर पड़ रही है। मोबाइल का उपयोग करते समय भी युवाओं को सजग रहना चाहिए, क्योंकि वही सामग्री सामने आती है, जिसकी वे तलाश करते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति, विरासत और समरसता को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आस्था नहीं, बल्कि आदर्श जीवन के प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में मंत्री जोगाराम पटेल, केके विश्नोई, विधायक भैराराम सियोल, अतुल भंसाली, प्रियंका चौधरी, पब्बाराम विश्नोई, अर्जुन गर्ग, सांसद पीपी चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## गुरेक सिंह मान का एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप हेतु भारतीय टीम में चयन

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।**



स्थानीय ब्लूमिंग डेल्स इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12वीं कॉमर्स (सत्र 2026-27) के प्रतिभाशाली विद्यार्थी गुरेक सिंह मान का एशियन डॉजबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय डॉजबॉल टीम में चयन हुआ है। डॉजबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति द्वारा यह चयन किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता गत 9 से 11 अक्टूबर तक दक्षिण कोरिया के जिओनबुक प्रांत स्थित इकसान के वॉनक्वांग विश्वविद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें भारतीय टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुरेक सिंह मान की इस शानदार सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अटूट लगन, अनुशासन और खेल के प्रति उनका सच्चा समर्पण है। उनकी इस उपलब्धि से संपूर्ण विद्यालय परिवार, उनके अभिभावकों और पूरे श्रीगंगानगर क्षेत्र में हर्ष व गर्व का माहौल है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एस.एल. सिहाग, सचिव अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्याम जैन और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीतू शर्मा ने गुरेक सिंह मान तथा उनके माता-पिता को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## विद्यार्थियों को प्रधान डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

राउप्रावि, 7 ए छोटी के विद्यार्थियों का 15 अक्टूबर को प्रधान डाकघर, श्रीगंगानगर में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। प्रधानाचार्य सुषमा शर्मा एवं शिक्षक शिव कुमार कौशिक के नेतृत्व में हुए इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली एवं संचार व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, स्पीड पोस्ट, बचत बैंक, माय स्टाम्प योजना, पार्सल सेवा, आधार, पासपोर्ट सेवा एवं फिलाटेली (डाक टिकट संग्रह) सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधान डाकपाल हरीश कुमार चंदोरा, जसपाल सिंह सेठी, राकेश वर्मा एवं तरुण सिंगल ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रधान डाकपाल ने विद्यालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल का टॉक शो आयोजित



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।**

स्थानीय राजकीय बालिका विद्यालय में महावीर इंटरनेशनल की ओर से आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों पर टॉक शो आयोजित किया गया। खुशी चौधरी ने छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीकें, सतर्कता और आत्मविश्वास का महत्व बताया। एडवोकेट तुषार कामरा ने कानूनी अधिकारों और प्रावधानों की जानकारी देते हुए अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। संस्था अध्यक्ष सत्यनारायण झंवर ने विद्यालय स्टाफ को लाइफ सेविंग किट के उपयोग की जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर व जागरूक बनाने को समय की आवश्यकता बताया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य सर्वजीत कौर, शारीरिक शिक्षक प्रमोद मांझु, ओम खिलेरी और अध्यापिका कमलेश सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने और कानूनी सहायता लेने के तौर-तरीके सिखाए गए तथा स्टाफ को लाइफ सेविंग किट वितरित की गई।

## सूर्पणखा प्रसंग व सीता हरण का मंचन



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।**

श्री हनुमान खेजड़ी मंदिर रोड स्थित बालाजी रामलीला में छठी रात्रि को भगवान श्रीराम की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रवक्ता रिंकू तावणिया के अनुसार पंचवटी में लक्ष्मण द्वारा सूर्पणखा की नाक काटने के दृश्यों को जीवंत किया गया। इसके बाद खर-दूषण के सेना सहित युद्ध में मारे जाने की कथा प्रस्तुत की गई। इसके बाद रावण द्वारा अपने मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर भेजने, राम के उसके पीछे जाने तथा सीता द्वारा लक्ष्मण को भेजने के प्रसंग दिखाया गया। इसी बीच रावण द्वारा सीता हरण, बाली-सुग्रीव युद्ध और हनुमान जी के प्रकट होने के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विशाल अग्रवाल, अजय राजपुरोहित, हनुमान जोशी, सेवानिवृत्त एक्सईएन पृथ्वीराज जाखड़, प्रेम देरासरी, कृष्ण स्वामी और पार्षद महेंद्र स्वामी ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता की आरती के साथ हुआ। कमेटी ने अतिथियों का सम्मान किया। क्लब अध्यक्ष राजू डोडा ने बताया कि 20 अक्टूबर शाम 6 बजे बाबा श्री रामदेव मंदिर मैदान में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

### भाविप द्वारा राष्ट्रीय समूहगान प्रति. आज

**श्रीगंगानगर।** भारत विकास परिषद प्रताप शाखा द्वारा स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत के ध्येय के तहत 18 अक्टूबर को दोपहर एक बजे नई धान मण्डी स्थित दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष तरसेम तायल ने बताया कि इस सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, संस्कार और समर्पण की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन) में विद्यावाचस्पति डॉ. अंजू बोरड़ होंगी।

**मौसम**

अधिकतम 32.6° | न्यूनतम 19.9°

**आर्द्रता**

सुबह 87% | शाम 52%

**विंड स्पीड**

6-10KM/h

**आज का सूर्यास्त**

06:01PM

**कल का सूर्योदय**

06:39AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

**सर्राफा श्रीगंगानगर**

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,46,890

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,35,920

चांदी (प्रति किलो) ₹2,11,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पावन धाम मंदिर में डांडिया आज

**सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर।** महावीर कॉलोनी स्थित पावन धाम मंदिर में दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर रविवार शाम 4 से 7 बजे तक मां भगवती के दरबार में गरबा-डांडिया, भजन-कीर्तन, महाभोग प्रसाद और दिव्य आरती सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। साथ ही भजन-कीर्तन के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस बीच मां भगवती के दरबार से सुहागिन महिलाओं को श्रृंगार सामग्री भेंट की जाएगी तथा मां भगवती को महाभोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात दिव्य आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### डिजिटल आईडी का अभियान 30 तक

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में निजी स्वास्थ्य संस्थानों और स्वास्थ्य पेशेवरों को



डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सघन ड्राइव अभियान शुरू किया गया है, जो आगामी 30 अक्टूबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की एचपीआईडी बनाई जा रही है। वहीं पात्र निजी अस्पताल, क्लीनिक, फार्मेसी, लैब और सोनोग्राफी सेंटर की एचएफआईडी बनाई जा रही है। इसके माध्यम से निजी स्वास्थ्य संस्थानों और उनमें सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य पेशेवरों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की डिजिटल व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। निजी चिकित्सा संस्थानों में एचएमआईएस सॉफ्टवेयर का एडॉप्शन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

24 को मैराथन स्थल पर लगेंगी खान-पान, स्वास्थ्य एवं मनोरंजक गतिविधियों की स्टॉल

# शताब्दी स्थापना दिवस पर 25 को होगी मैराथन रन फॉर फिट गंगानगर

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** जिले के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 25 अक्टूबर को मैराथन रन फॉर फिट गंगानगर का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मैराथन स्थल का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को तैयारियां समय पर पूरी करने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन से आधिकारिक लिंक पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाकर इस ऐतिहासिक उत्सव को यादगार बनाने की अपील की।



मैराथन से पूर्व 24 अक्टूबर को कार्यक्रम स्थल पर खान-पान, स्वास्थ्य एवं मनोरंजन से संबंधित स्टॉल भी लगाई जाएंगी। स्टॉल की संख्या सीमित होने के कारण आवंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा। इसके लिए इच्छुक संस्थाएं उपनिदेशक वीरेंद्रपाल सिंह (9828196989) व उप रजिस्ट्रार दीपक कुक्कड़ (9928079423) से संपर्क कर सकती हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन और एसडीएम नयन गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिताओं से होगी स्थापना दिवस की शुरूआत

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** जिले का स्थापना दिवस समारोह 22 से 26 अक्टूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरूआत 22 अक्टूबर को महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में दमखम खेल प्रतियोगिताओं से होगी, जो 24 अक्टूबर तक चलेंगी। इसी दिन हमारे सपनों का गंगानगर विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी।

25 अक्टूबर को पुलिस लाइन में रन फॉर फिट गंगानगर मैराथन होगी, जिसमें 21, 10 व 5 किमी स्पर्धाओं के 18 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, साथ ही 7 बजे निःशुल्क फन रन होगी। शाम को यूआईटी द्वारा सांस्कृतिक संध्या सजेगी।

समारोह के अंतिम दिन 26 अक्टूबर को महाराजा गंगासिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण, शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना व पौधारोपण होगा। शाम को सूरतगढ़ में एक शाम रेत के धोरों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। प्रशासन ने नागरिकों से भागीदारी की अपील की है।

# मदन राठौड़ के बयान पर कांग्रेस ने पुतला दहन किया, पंचायती चुनावों को लेकर बनाई रणनीति



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को 125 नई धानमंडी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पाकिस्तान संबंधी कथित विवादित बयान के विरोध में पुतला दहन कर रोष जताया गया। नेताओं ने इसे पुलवामा सहित आतंकी हमलों में शहीद हुए वीर जवानों और पीड़ित परिवारों के बलिदान का अपमान बताया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष व विधायक रुपिंदर सिंह कुनर की अध्यक्षता में आगामी पंचायती राज चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक बैठक हुई। मुख्य अतिथि सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल व सांसद कुलदीप इंदौरा ने बूथ कमेटियों को सक्रिय करने और जनहित के मुद्दों को घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया।

प्रवक्ता सोहन नायक के अनुसार बैठक में जिला प्रभारी जिया उर रहमान, विधायक शिमला नायक, जिला प्रमुख, हरजिंदर सिंह बराड़, अंकुर मगलानी, महेंद्र बराड़, राजकुमार गौड़, दौलतराज नायक, सोना देवी बावरी, परमजीत सिंह रंधावा, अनुप बाजवा, रामदेवी बावरी, गगन वडिंग, विकास गौड़, ओम बिश्नोई, राकेश शर्मा, भीमराज डाबी, जगतार समरा, मुकेश मिढ्ढा, शंकर असवल, सुभाष भाखर, सुरेन्द्र पारीक, दिपेश नायक, खुशदीप संधू, सुरेंद्र पाल बराड़, निशान सिंह, सुनीता देवी गोदारा, सुनीता पुनिया, संतोष बिश्नोई, कृष्ण गोदारा, जगदीश घनघस, गुरविंदर चहल, अवतार गील, सुशील भादू, रामदेव ढाका, सुशांत साहू, विजय झोरड़, गोरव गोदारा व पवनदीप गिल सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीगंगानगर-समस्तीपुर के बीच आज साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

त्योहारी सीजन और यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने श्रीगंगानगर और बिहार के समस्तीपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के शुरू होने से राजस्थान से उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट मिलने में आसानी होगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन कुल 7 फेरे लगाएगी, जिससे दोनों ओर के यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 18 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 13:25 बजे श्रीगंगानगर से रवाना होगी और अगले दिन रात 23:15 बजे समस्तीपुर पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 04732 समस्तीपुर - श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 20 अक्टूबर से एक दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को तड़के 00:45 बजे समस्तीपुर से चलकर अगले दिन दोपहर 12:20 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन में सैकण्ड एसी एक कोच, थर्ड एसी 2 कोच, द्वितीय शयनयान स्लीपर 11 कोच, साधारण श्रेणी 4 कोच सहित गार्ड के 2 डिब्बे होंगे।

यह स्पेशल ट्रेन सादुलशहर, हनुमानगढ़, संगरिया, मंडी डबवाली, सिरसा, हिसार, रोहतक, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर होते हुए अपने गंतव्य तक पहुँचेगी। यात्री यात्रा करने से पहले रेलवे स्टेशन या ऑनलाइन माध्यम से अपनी सीट आरक्षित करवा सकते हैं और अधिकृत समय-सारणी की पुष्टि कर सकते हैं।

## नहर में गिरने से व्यक्ति की मौत

**सीमा सन्देश# नेतेवाला।** गांव गोविंदपुरा के वार्ड नंबर 8 में रहने वाला राजेंद्र पुत्र मोटाराम माली देर रात साइकल लेकर खेत की रखवाली करने जा रहा था। वह जीजी नहर की पटरी से गुजर रहा था, तभी सामने आ रहे पशुओं के झुंड से बचने के चक्कर में वह नहर में मुंह के बल गिर गया। चोटिल हालत में वह रातभर पानी में पड़ा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह कुछ लोग नहर की तरफ घूमने गए तो उन्होंने व्यक्ति को पड़े देखा। अमिताभ खैरवा और सरपंच पुत्र विकास झाझड़िया ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी। हैड कांस्टेबल प्रमोद चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राजेंद्र कुमार शादीशुदा था और उसके तीन बेटियां तथा एक बेटा है।

# सांसद उम्मेदाराम ने कहा- मदन राठौड़ का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है, भाजपा उन पर सख्त एक्शन ले

श्रीगंगानगर दौरे पर आये कांग्रेस के पंचायत चुनाव प्रभारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर साधा निशाना

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**



बाड़मेर-जैसलमेर से कांग्रेस के सांसद व श्रीगंगानगर जिला पंचायतीराज चुनाव प्रभारी उम्मेदाराम बेनीवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जिस तरह से पिछले 5-6 महीने से उटपटांग बयान दे रहे हैं, मुझे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। राठौड़ को अच्छे मनोचिकित्सक को दिखाना चाहिए, उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वे हमेशा गैर जिम्मेदाराना बयान देकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। पार्टी को उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए।

बेनीवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा हिंदू-मुस्लिम की बात करके सत्ता के इर्द-गिर्द बने रहना चाहती है और सत्ता में आना चाहती है। राठौड़ का बयान वास्तव में चिंताजनक है, पार्टी को उनपर एक्शन लेना चाहिए।

भाजपा के सीएम, विधायक, नेता और जनप्रतिनिधि कहते हैं कि हमारी चलती नहीं है और पर्ची के इंतजार में रहते हैं। इस बार पंचायतीराज चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग होगी।

बेनीवाल एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को श्रीगंगानगर पहुंचे। प्रैस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव को लेकर कांग्रेस की पूरी तैयारी है और प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुझे यहां आपसी समन्वय बैठाने के लिए यहां भेजा है। जिले में कांग्रेस पूरी तरह से मजबूत है। पंचायत समितियों व जिला परिषद के अंदर सारे वार्ड कांग्रेस जीतेगी।

बेनीवाल ने कहा- जिले के किसान इस बार पूरी तरह से परेशान है। किसानों को उनके हक का पानी नहीं मिल रहा। समय पर फर्टिलाइजर, बिजली, बीज और आदान नहीं मिल रहा। फसल बीमा क्लेम के लिए किस दर-दर भटक रहे हैं।

इसके साथ ही श्रीगंगानगर जिले में नशा तस्करी का कारोबार यहां पैर पसार रहा है, जिसने किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। लेकिन डबल इंजन वाली सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है और लोग भाजपा से परेशान है।

उन्होंने कहा कि टिकट वितरण के लिए वार्ड के लोग तय करेंगे कि किसे टिकट देना है।

फिर जो कमेटी बनाई गई है उनसे चर्चा की जाएगी, पर्यवेक्षकों से ग्राउंड की रिपोर्ट ली जाएगी।

# सैम्पल्स की रिपोर्ट; 7 दुकानों का घी अमानक मिला...सरसों तेल और मिठाइयां भी शुद्ध नहीं

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

**स्वास्थ्य विभाग ने अमानक वाले प्रतिष्ठानों के नाम सार्वजनिक किये**

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा को लेकर कार्यवाही जारी है। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लिए खाद्य पदार्थों के सैंपल्स की रिपोर्ट में अमानक पाए जाने वालों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के पदमपुर मुख्य मार्ग स्थित हेमंत किरयाना स्टोर का काजू, मुख्य बाजार पोस्ट ऑफिस के पास स्थित अरोड़ा ट्रेडिंग कंपनी का उजाला ब्रांड कुकीज मीडियम घी, मुख्य बाजार स्थित बीकानेर स्वीट होम का रसगुल्ला, नरसिंहपुरा सरकारी हॉस्पिटल के नजदीक स्थित शिव मिष्ठान भंडार का रसभरी, सादुलशहर बस स्टैंड के नजदीक स्थित जीएनबी स्वीट्स की चमचम अमानक मिली।

वहीं सूरतगढ़ के पीपल चौक स्थित गुप्ता डेयरी का पनीर, त्रिमूर्ति रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार का बेसन लड्डू, 15 एलकेएस ढाबा झालार दुग्ध उत्पादन महिला सहकारी समिति का घी, रिड़मलसर गोपाल स्वीट की चमचम, राजियासर शिव जनरल स्टोर का आलमंड केसल, यहीं के श्री हनुमान मिष्ठान भंडार की बेसन बूंदी अमानक मिले। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि रायसिंहनगर रीको में अरोड़ा एजेंसीज से मैंगो ड्रिंक सब स्टैंडर्ड, पुरानी धान मंडी स्थित गोपाल चंद एंड संस का तुलसी ब्रांड बादाम, 23 पीएस स्थित महादेव डेयरी एवं वैरायटी स्टोर का घी, मस्जिद के पास स्थित गजरा किरयाना स्टोर का स्नेक्स सॉस, गर्ल्स स्कूल के पीछे स्थित हरियाणा वैरायटी का फ्राइमस, श्रीविजयनगर चक 29 जीबी विकास डेयरी का घी, रामसिंहपुर 59जीबी स्थित अनिल कुमार एंड संस का बाँसुरी ब्रांड घी, अनूपगढ़ के आशीष कूल कैफे का मिंटो मेड, 11 पी पतरोडा बंटी किरयाना का राजरानी ब्रांड का गुलाब स्क्वैश, अनूपगढ़ मुख्य बाजार स्थित बाबा ट्रेडर्स का श्री मूल ब्रांड का घी, 15 एल बांडा कॉलोनी स्थित छाबड़ा किरयाना से सुपर रामदेव ब्रांड का सरसों तेल, रीको प्लॉट नंबर 36 स्थित मेसर्स फ्रेसपिक का आरएल ब्रांड बादाम, घड़साना के 6 पीएसडीबी स्थित पारस होटल, रावला मंडी गुरुद्वारे के सामने स्थित अखाराम ओमप्रकाश के गोदाम से मधु ब्रांड का घी अमानक मिला। इनके खिलाफ अब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। ये सैंपल खाद्य अधिकारी कंवरपाल सिंह, हंसराज गोदारा एवं हेतराम खुड़िया ने लिए थे।

**स्वीट कॉर्नर व अमृत मिष्ठान से सैम्पल लिये:** श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर स्वीट कॉर्नर से मिल्क केक एवं कलाकंद, रेवाड़ी मिष्ठान से रेवाड़ी बर्फी व मिल्क केक और अमृत मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, गुजिया एवं बर्फी के सैंपल लिए। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि इस कार्रवाई एफएसओ मंजूबाला, कंवरपाल सिंह एवं नित्या शर्मा ने की। पालीवाला में माजिशा मिष्ठान से रसमलाई व गुलाब जामुन, नीलकंठ मिष्ठान से काजू कतली, सतगुरु वैरायटी स्टोर से हल्दी के नमूने लिए गए। कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज गोदारा, रेणु चौधरी एवं उर्मिला भादू ने की।

# एनडीपीएस एक्ट मामले में दोषी प्रेमकुमार को 6 साल का कारावास और 60,000 रुपए जुर्माना

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** अदालत ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी प्रेमकुमार को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को 6 वर्ष के कठोर कारावास और 60,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर आरोपी को 3 महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक विजेन्द्र कुमार घिंटाला ने की, जबकि निर्णय न्यायाधीश पलविन्द्र सिंह द्वारा सुनाया गया। एसपीपी घिंटाला के अनुसार 28 जून 2014 को तत्कालीन थानाधिकारी विष्णु खत्री पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। दौराने गश्त पुलिस टीम नेहरू पार्क के पास थी। दोपहर करीब 11:30 बजे पुलिस दल को पार्क के पास गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज की तरफ एक व्यक्ति हाथ में सफेद रंग की थैली लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की जिप्सी को देखकर वह संदिग्ध अवस्था में टेलीफोन एक्सचेंज की तरफ तेज कदमों से आगे बढ़ने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर गुरुनानक गर्ल्स स्कूल के गेट के सामने दोपहर करीब 11:50 बजे उसे दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम प्रेमकुमार पुत्र हरबंशुलाल निवासी वार्ड नंबर 4 गजसिंहपुर हाल किरायेदार पुरानी आबादी श्रीगंगानगर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के हाथ से 56 पत्तों में भरी 560 गुलाबी रंग की गोलियां और 950 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर सक्षम न्यायालय में चालान पेश किया। इसका निस्तारण करते हुए कोर्ट ने आरोपी प्रेमकुमार को दोषी मानते हुए 6 वर्ष के कठोर कारावास तथा 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।




# सज गया माता रानी का दरबार...श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** श्री दुर्गा पूजा एकता सेवा समिति की ओर से डी ब्लॉक स्थित गांधी पार्क के सामने आयोजित 30वें श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का शनिवार सुबह विधिवत शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां भगवती के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। दरबार में मां दुर्गा सहित भगवान शिव-पार्वती, सिद्धि विनायक गणेशजी, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, कार्तिकेयजी और नंदी महाराज की प्रतिमाएं विराजमान हैं। मूर्ति अनावरण के बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिला श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में गोद भराई की रस्म भी निभाई। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं में मां भगवती के दर्शन को लेकर उत्साह देखने को मिला। शनिवार सुबह से देर रात तक दरबार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। समिति अध्यक्ष संजय मंडल ने बताया कि मां दुर्गा परिवार का दरबार विजयदशमी तक 24 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुला रहेगा। इस क्रम में शनिवार रात मां भगवती का विशाल जागरण में बठिंडा के भजन गायक रुद्राक्ष एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से माता रानी की महिमा का गुणगान किया। जागरण में विधायक जयदीप बिहाणी, भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव अजय गुप्ता और श्याम जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## वर्ग पहली क्रमांक 7952




*बायें से दायें:-* 1) साटवीं, 11) धंधा, 12) अंग, प्रेमासक्त; आज्ञापत्र, 4) 13) हितैषी, 14) जुर्माना, टुकड़े- टुकड़े, 6) बढ़िया 15) एक पक्षी, 17) दिनांक, महीन सूती कपड़ा, 8) 18) भीषण *(युद्ध)*, 22) खेती पतला; सूक्ष्म, 10) ग़रीब, की उपज, 24) आश्चर्य, 26) 13) मेहँदी, 14) बराबरी मजाल; हिम्मत, 27) दोष- का, 16) मनगढ़ंत, 17) (उत्तर: अगले अंक में) अभी बना, 19) अग्निकण, *पिछली पहेली का उत्तर* 20) उसी समय, 21) द्वारा, 23) दोषी, 25) भौचक्का, 28) प्रतिलिपि, 29) ऊंट की बोली.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक दिशा, 2) ठिंगना, 3) पौधे का डंठल, 4) प्रथा, 5) मुर्ग़ी का बच्चा, 7) एक इस्लामी तीर्थस्थल, 9)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ■ | प | रि | चा | र | क | ■ | नी | च |
| वा | ■ | र | क्त | ■ | सी | ■ | क्रा | य | म |
| ब | ल | वा | ■ | औला | द | ■ | त | क | |
| दा | ■ | ना | गा | ■ | प | ल | क | ■ | दा |
| र | ब | ■ | य | की | न | ■ | म | क | र |
| ■ | ■ | ग़ | ज़ | ब | ■ | ■ | प | ठा | र |
| अ | ब | ■ | ■ | म | स | ल | ■ | त | प |
| स | द | स | द्वि | वे | क | ■ | क | बी | र |
| म | ■ | ख़्त | ■ | शी | ल | ■ | ल्ला | ■ | दा |

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएं-**

1898 - अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया।
1922 - ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरू की।
1972 - पहले बहुद्देशीय हेलिकाकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
1980 - पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
1985 - सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फाँसी।
1991 - दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1995 - कोलंबिया के काटार्जेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
1998 - भारत और पाकिस्तान आणविक खतरे रोकने के लिए सहमत।
2000 - श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
2004 - कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री खिन न्युंट को भ्रष्टाचार के आरोप में अपदस्थ कर नजरबंद कर रखा गया।
2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।

## कल क्या होगा

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एनएनएस)** सोमवार अश्विन सुदी अष्टमी एवं नवमी है। बारीक चावल, गेहूं, राजमा चित्रा, बिनौला तेल, जौ, जई, ढ़ैचा, लोबिया, देशी चना, उड़द, तुवर, मूंग, मोठ, काबुली चना, कालीमिर्च, आबजोश, पिस्ता, मेथी, हींग, पोस्तदाना, धनिया, साबुदाना, सोना, चांदी में लाभ एवं मक्की, बाजरा, चावल तेल, सरसों, सोयाबीन एवं इसकी डीओसी, लौंग, असगंध, छुआरा, अजवायन, आंवला, बेलगिरी, सौंफ, जीरा, बादमगिरी, सितावर में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार-पश्चिम दिशा की ओर 10.37 बजे पूर्वार्द्ध से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

## आज का राशिफल

**18 अक्टूबर रविवार**

**श्रीचन्द शर्मा शास्त्री,** श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल सप्तमी, नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा, योग-सुकर्मा, करण- वणिज, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा मकर राशि में, सूर्य बुध राशि में, शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

**मेष:** आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। करियर में नई संभावनाएं बन सकती हैं।

**वृषभ:** आज मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, लेकिन परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे।

**मिथुन:** आज योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ मिलेगा। करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं।

**कर्क :** आज नए विचार और योजनाएं लाभ दिला सकती हैं। नौकरी और व्यापार में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

**सिंह:** आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें अच्छे से निभाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और मेहनत से सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज आपकी बातचीत और सोच आपको आगे बढ़ाने में मदद करेगी। रुके हुए काम पूरे होने के संकेत हैं।

**तुला:** आज भाग्य आपका साथ देगा। शिक्षा, नौकरी और व्यापार से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आज का दिन संतुलन और धैर्य का है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए बजट संभालकर चलें।

**धनु:** आज रिश्तों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। साझेदारी के काम में लाभ के योग हैं।

**मकर:** आज आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। करियर में सफलता मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज भावनाओं में बहकर कोई बड़ा फैसला न लें। कार्यक्षेत्र में धैर्य और समझदारी से काम करना जरूरी होगा।

**मीन:** आज आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और नेतृत्व क्षमता की सराहना हो सकती है।

**सीटीआई का दावा-** रास्ते बंद और बाजारों में सन्नाटे से दिवाली कारोबार पर संकट

# विरोध प्रदर्शनों से दिल्ली का कारोबार प्रभावित, व्यापारियों को तीन हजार करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।**

त्योहारों के सीजन में दिल्ली के व्यापार जगत को बड़ा झटका लगा है। लगातार जारी राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों, रैलियों और रास्तों की नाकेबंदी के कारण बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हुई है। व्यापारियों के संगठन चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने दावा किया है कि अक्टूबर के शुरूआती दो हफ्तों में दिल्ली के बाजारों को करीब 3000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल के अनुसार, यदि हालात जल्द सामान्य नहीं हुए तो दिवाली तक नुकसान 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि सड़कों के बंद होने, मेट्रो स्टेशनों पर पाबंदियों और यातायात बाधित होने से दिल्ली की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है।

### खुदरा-थोक बाजार प्रभावित

सीटीआई के मुताबिक, प्रदर्शन और बंद



रास्तों का सबसे अधिक असर खुदरा बाजारों पर पड़ा है। चांदनी चौक, सदर बाजार, करोल बाग, कश्मीरी गेट और कनॉट प्लेस जैसे प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की संख्या घटने से करीब 1800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। थोक कारोबार में भी करीब 600 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और राजस्थान सहित आसपास के राज्यों से आने वाले लाखों खरीदार दिल्ली के बाजारों तक नहीं पहुंच पाए।

### होटल, परिवहन-मजदूरों पर असर

व्यापार संगठन के अनुसार, होटल और रेस्तरां क्षेत्र को करीब 300 करोड़ रुपये, परिवहन व पर्यटन क्षेत्र को 180 करोड़ रुपये तथा दिहाड़ी मजदूरों और पल्लेदारों को लगभग 120 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ट्रकों की आवाजाही प्रभावित होने से त्योहारों का माल गोदामों में अटका हुआ है।

**व्यापारियों ने सरकार से मांगी राहत :** सीटीआई ने सरकार से मांग की है कि दिवाली तक नई दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली जैसे वीआईपी क्षेत्रों में प्रदर्शन पर रोक लगाई जाए। भविष्य के आंदोलनों के लिए बाहरी क्षेत्रों में स्थान तय किए जाएं। साथ ही व्यापारियों को राहत देने के लिए टैक्स, बिजली और पानी के बिलों में विशेष छूट देने की मांग की गई है। संगठन ने बाजारों को सुरक्षा देकर सामान्य व्यापारिक गतिविधियां जारी रखने की अपील भी की है।

### सड़क हादसे में 3 मरे

**लखीमपुर खीरी।** भीरा क्षेत्र में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक और दो युवतियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद बाइक ट्रक के नीचे फंस गई और करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई।

### फैक्टरी में धमाका, 5 मरे

भरूच (गुजरात)। भरूच जिले में एक केमिकल बनाने वाली कंपनी में धमाका होने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह धमाका शुक्रवार रात करीब 10 बजे वागरा तालुका के सायखा जीआईडीसी में स्थित सिनजील फार्माकिम में हाइड्रोजनेशन प्रोसेस के दौरान हुआ, जिससे जहरीली मेथिलीन डाइक्लोराइड गैस का रिसाव हो गया।

### रिसॉर्ट में आग, 10 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के कॉक्स बाजार स्थित टुपटुप रेस्टो एंड रिसॉर्ट में शनिवार सुबह आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। आग से तीन मंजिला इमारत पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे के समय रिसॉर्ट में करीब 30 लोगों के मौजूद होने की खबर है, जिनमें से चार से पांच लोग बाहर निकलने में सफल रहे।

### 48 लाख का स्टॉक जब्त

महाराष्ट्र एफडीए ने ठाणे और पुणे में कार्रवाई कर 48.09 लाख रुपये के एक्सपायर्ड, खराब और लौटाए गए खाद्य उत्पाद जब्त किए हैं। मामले में रिलायंस, ब्लिंकइट और जोमैटो हाइपरप्योर से जुड़े अधिकारियों समेत 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उत्पादों को अवैध तरीके से दोबारा बिक्री के लिए भेजा जा रहा था।

21 अक्टूबर से खुलेगा देश के सबसे चर्चित आईपीओ में से एक

# जियो आईपीओ को खुलने से पहले ही जबरदस्त रिस्पाँस, संस्थागत निवेशकों से 2.5 लाख करोड़ की शुरूआती मांग

**मुंबई।**

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली जियो प्लेटफॉर्म्स का बहुप्रतीक्षित आईपीओ औपचारिक रूप से 21 अक्टूबर से खुलने जा रहा है, लेकिन इसके पहले ही निवेशकों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। रिटेल निवेशकों के लिए कई ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म पर प्री-अप्लाई सुविधा शुरू हो चुकी है, जबकि घरेलू और विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की शुरूआती रुचि दिखाई है। यह राशि करीब 30,200 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आईपीओ आकार से आठ गुना से भी अधिक है।

रिटेल निवेशकों के लिए प्री-अप्लाई सुविधा के तहत अभी से ऑर्डर दर्ज किए जा रहे हैं। हालांकि वास्तविक आवेदन आईपीओ खुलने के बाद ही प्रोसेस होंगे। इस बीच ग्रे मार्केट में भी जियो आईपीओ को मजबूत समर्थन मिल रहा है। शनिवार दोपहर तक इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम लगभग 19.75 प्रतिशत रहा, जो ऊपरी प्राइस बैंड के आधार पर प्रति शेयर करीब 221 रुपये के संभावित सूचीकरण लाभ का संकेत देता है।

**आईपीओ की विशेष बातें**

- **आईपीओ खुलने की तिथि:** 21 अक्टूबर 2026
- **बोली लगाने की अंतिम तिथि:** 23 अक्टूबर 2026
- **एंकर निवेशकों की बोली:** 19 अक्टूबर 2026
- **कुल आईपीओ आकार:** लगभग 30,200 करोड़ रुपये
- **संस्थागत शुरूआती मांग:** करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये
- **प्राइस बैंड:** 1,065-1,119 रुपये प्रति शेयर
- **फेस वैल्यू:** 10 रुपये प्रति शेयर -न्यूनतम आवेदन: 12 शेयर (एक लॉट)
- **न्यूनतम निवेश:** 13,428 रुपये (कट-ऑफ मूल्य पर)
- **ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी):** लगभग 19.75%
- **संभावित लिस्टिंग प्रीमियम:** करीब 221 रुपये प्रति शेयर

# पावर को रुतबा न समझें, पब्लिसिटी से दूर रहें : शाह

तकनीकी चुनौतियों से निपटने पर दिया जोर

**हैदराबाद।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवा आईपीएस अधिकारियों से बदलती आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में 78वें आईपीएस बैच की पासिंग-आउट परेड के दौरान दिए संदेश में उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने पद और अधिकार को रुतबा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी मानें और पब्लिसिटी से दूर रहें।



इस बैच में 151 अधिकारियों ने प्रशिक्षण पूरा किया, जिनमें 135 भारतीय और 16 विदेशी अधिकारी शामिल हैं। इनमें 37 महिला अधिकारी भी हैं। गृह सचिव गोविंद मोहन ने अधिकारियों को नशा तस्करी, साइबर अपराध, आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तकनीकी अपराधों से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने की सलाह दी। उन्होंने डीपफेक, सोशल मीडिया पर फर्जी सूचनाओं और डार्कनेट जैसी चुनौतियों पर सतर्क रहने का आह्वान किया।

### साइबर ठगी में पूर्व छात्र नेता गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** पीजी कॉलेज में प्रवेश के नाम पर छात्रों के बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेचने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने पूर्व छात्र नेता सावन पटवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी छात्रों को लालच देकर खाते खुलवाता था। एक छात्र के खाते में 7.60 लाख रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन मिले हैं। पुलिस के अनुसार रकम को क्रिप्टो करेंसी में बदलने की बात भी सामने आई है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

### श्रीगंगानगर जिला

**श्रीगंगानगर :** सरसों 8802-5800 (आ. 182 क्विं.), मूंग 8501-7105 (आ. 1610 क्विं.), ग्वार 8410-6550 (आ. 308 क्विं.), नरमा 9306-8884 (आ. 1908 क्विं.), कपास 9200-8900 (आ. 89 क्विं.), बाजरा 2572-2471 (आ. 23 क्विं.), गेहूं 2701 (आ. 40 क्विं.), **करणपुर :** नरमा 9491-9230, मूंग 8350-8200, कपास 8823, ग्वार 8290-8101, **गजसिंहपुर:** सरसों 8598-7824, कपास 8601, मूंग 8400-7200, नरमा 9289-9100, गेहूं 2550, ग्वार 7681, **रायसिंहनगर :** ग्वार 8100-7712, सरसों 8568-8126, मूंग 8670-7700, नरमा 9265-9180, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2790-2100, सरसों 8550-5500, पीली सरसों 9000-6200, ग्वार 8425-6500, मूंग 8620-5000, नरमा 9321-8000, बाजरी 2560-2000, **जैतसर :** बोली नहीं, **अनूपगढ़ :** नरमा 9206-8981, मूंग 8583-7861, सरसों 8306-7738, बाजरा 2710-2511, ग्वार 7700, गेहूं 2765, **घड़साना :** मूंग 8645-6000, नरमा 9265-9080, सरसों 8681-7793, गेहूं 2735,

### किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

### दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

### गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

### तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

### हनुमानगढ़ जिला

**हनुमानगढ़ जं.:** कपास 9000, नरमा व्यापारी 9136, बाजरा 2573, ग्वार 8151, मूंग व्यापारी 8200, धान पीआर व्यापारी 2155, धान 1509-3810, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8816, **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 9000, नरमा व्यापारी 9230, बाजरा 2470, ग्वार 8101, मूंग व्यापारी 8240, सरसों व्यापारी 8091, धान पीआर व्यापारी 2180, धान 1509-3800, **रावतसर:** कपास 8400, नरमा व्यापारी 9100, गेहूं व्यापारी 2720, बाजरा 2510, ग्वार 8150, चना व्यापारी 6101, मूंग व्यापारी 8200, मोठ 8700, सरसों व्यापारी 8410, **नोहर :** गेहूं व्यापारी 2765, ग्वार 8000, चना व्यापारी 7200, मूंग व्यापारी 8310, मोठ 8750, सरसों व्यापारी 8000, अरण्डी 7450, मूंगफली व्यापारी 7400, **भादरा :** कपास 8605, गेहूं व्यापारी 2820, ग्वार 7350, चना व्यापारी 6511, मूंग व्यापारी 8111, सरसों व्यापारी 8461, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 9100, गेहूं व्यापारी 2735, बाजरा 2531, ग्वार 7775, चना व्यापारी 6591, मूंग व्यापारी 8000, सरसों व्यापारी 8209, **गोलूवाला :** नरमा व्यापारी 9250, गेहूं व्यापारी 2600, बाजरा 2366, ग्वार 8220, चना व्यापारी 6925, मूंग व्यापारी 8380, सरसों व्यापारी 8450, **पीलीबंगा :** नरमा व्यापारी 8970, गेहूं व्यापारी 2721, बाजरा 2560, ग्वार 8365, मूंग व्यापारी 8441, सरसों व्यापारी 8055, धान पीआर व्यापारी 2271, धान 1509-3600

## गंगनहर का वरीयताक्रम



**18 अक्टूबर 2026, रविवार [सम्भावित]**

| पेयजल व छीजत 250 | खुलने का समय | बंद होने का समय |
|---|---|---|
| बीबी 448 (7) | 12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 20 अक्टूबर प्रात : 3 बजे |
| एमके 546 (6) | 13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे | 21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे |
| एच 853 (5) | 14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे | 21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| वाई 884 (5) | 14 अक्टूबर सायं 6 बजे | 22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे |
| जैड 1039 (5) | 14 अक्टूबर सायं 6 बजे | 22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे |
| डी-भागसर 1057 (5) | 14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे | 22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे |
| बीआईएफ+जे 1098 (5) | 14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे | 22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे |
| पीएस 1258 (4) | 15 अक्टूबर प्रातः 6 बजे | 22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| समेजा 1460 (2) | 17 अक्टूबर रात्रि 9 बजे | 25 अक्टूबर दोपहर 12 बजे |
| आरबी 1730 | | |
| एचएच 1765 | | |
| रिडमलसर 1776 | | |
| फार्म 1837 | | |
| जीजी 2038 | | |
| हिरणावाली 2060 | | |
| नेतेवाला 2081 | | |
| एमएल 2141 | | |
| एमएलए 2182 | | |
| ईईए 2242 | | 16 अक्टूबर सायं 3 बजे |
| एलएनपी 2519 | | 16 अक्टूबर सायं 3 बजे |
| केके 2532 | | 16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे |
| एफ 3035 | | 14 अक्टूबर सायं 6 बजे |
| करणीजी 3365 | | 14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे |

**नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1568 क्यूसेक।**

## इन्दिरा गांधी नहर

**इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मसीतांवाली | 8986 | साहवा | 482 |
| आरडी-496 | एनएम | अनूपगढ़ | निल |
| एनडी | 460 | कंवरसैन | 350 |
| रावतसर | 673 | बिरधवाल हैड से नीचे | 7592 |
| सूरतगढ़ | निल | | |
| जोरावरपुरा | निल | | |
| खेतेवाली | निल | | |

**शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।**

**बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 17.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति**

**भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66**
पानी की आवक - 10950 क्यूसेक, निकासी- 13020 क्यूसेक।

**पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.09**
पानी की आवक- 5393 क्यू., निकासी- 9540 क्यू., बीकानेर - 2040

**सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200**

## भाखड़ा वरीयताक्रम

**12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हरिपुरा | 37 | नाथवाना | 1188 |
| दीनगढ़ | 50 | रतनपुरा | 1200 |
| सूरतपुरा | 59 | भाखरांवाली | 1205 |
| मोडिया | 314 | करनीसिंह | 1535 |
| लोंगवाला | 549 | मम्मड़खेड़ा | 1730 |
| पीलीबंगा | 674 | जोड़कियां | 1810 |
| अमरपुरा | 790 | सूरतगढ़ | 1930 |
| रोड़ांवाली | 803 | भगतपुरा | 1968 |
| नवां-सतीपुरा | 814 | संगरिया | 1974 |
| मोरजण्डा | 1027 | नगराना | 1982 |
| प्रतापपुरा | 1157 | लीलांवाली | 2222 |

### विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ की नई तहसील कार्यकारिणी गठित

**श्रीगंगानगर।** विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सचिन गौड़ ने संगठन को



जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विभिन्न तहसीलों में अध्यक्षों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई हैं। जिला संगठन मंत्री जतिन शर्मा के अनुसार आयुष गौड़ को श्रीगंगानगर, विनय मिश्रा को सूरतगढ़, सुनील शर्मा को करणपुर, घनश्याम गौड़ को पदमपुर तथा वासुदेव पारीक को सादुलशहर का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। युवा जिलाध्यक्ष सचिन गौड़ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की सक्रियता की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इनसे संगठन को मजबूती मिलेगी और सामाजिक सेवा गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही, उन्होंने सभी से समाज हित, संगठन हित तथा राष्ट्र निर्माण में समर्पित भाव से अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

## सरदारशहर में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में द्वितीय एवं तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रातःकालीन सत्र का उद्घाटन थानाधिकारी धीरेन्द्रसिंह शेखावत, सीबीईओ सुभाष चंद्र सोनगरा और प्राचार्य डॉ. कविता शर्मा के आतिथ्य में हुआ। थानाधिकारी शेखावत ने कहा कि स्काउटिंग से बच्चों में सामुदायिकता, सहकारिता और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होते हैं। सीबीईओ सोनगरा ने स्काउट को अनुशासन का पर्याय बताया। स्थानीय संघ सचिव बाबूलाल स्वामी के अनुसार शिविर में 225 स्काउट-गाइड भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में सुरेश चंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, इंदुबाला वर्मा सहित दर्जनों स्काउटर और गाइडर सेवाएं दे रहे हैं।

## मतदान जागरूकता के लिए सजाई रंगोली

**श्रीकरणपुर।** सीमांत गांव 23 ओ में आकर्षक रूप से सजाई गई रंगोली के माध्यम से ग्रामीणों को अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया गया। विद्यालय 23 ओ की छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के महत्व का संदेश दिया तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में भाग लेने की अपील की। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं विद्या, उर्मिला, रीना, सोनिका एवं तनु द्वारा श्री कृष्ण मंदिर प्रांगण में मतदान रंगोली का निर्माण किया गया। विद्यालय की उपप्राचार्य अमनदीप कौर, व्याख्याता सुनीता खोथ, प्रगणक गोपीराम तथा बीएलओ मुकेश यादव ने रंगोली निर्माण में सहभागिता निभाई।

## सरदारशहर : रेसला की ब्लॉक कार्यकारिणी गठित



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) की ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन को लेकर भारतीय आदर्श विद्यापीठ में जिला अध्यक्ष रजनीश धुंआ एवं जिला मंत्री भानीराम बरोड़ के नेतृत्व में बैठक रखी गई। इसमें सर्वसम्मति से संत कुमार बाना को ब्लॉक अध्यक्ष, हनुमान गिर को ब्लॉक मंत्री तथा सुभाष सुथार को सभाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी राकेश धेतरवाल और पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य जय सिंह शेखावत की मौजूदगी में हुए इस चयन में व्याख्याता विकास पारीक ने संगठन में वित्तीय पारदर्शिता और एकजुटता पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष रजनीश धुंआ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित सभाध्यक्ष सुभाष सुथार ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु आपसी सौहार्द और सामूहिक सहभागिता से मिलकर प्रयास करने की बात कही। इस दौरान रमेश कुमार सैनी, राजकुमार पालीवाल, इमरान तगाला, कुलदीप तिवाड़ी, मुखराम सिद्ध, बालकृष्ण शर्मा, श्रवण जाखड़, भल्लेराम, गोपीचंद पांडर, मुरारी मेधवाल, बाबूलाल मदन राईका तथा बनवारी बुरडक सहित अनेक व्याख्याता उपस्थित रहे।

## सरदारशहर : शाकम्भरी विद्यापीठ में 108 कन्याओं का पूजन




**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

शाकम्भरी विद्यापीठ उमावि एवं एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में नवरात्रि अवसर पर 108 कन्या पूजन एवं डांडिया रास का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष पुष्पा गौड़, संस्था निदेशक दिव्या गौड़ एवं संस्था प्रधान भरत गौड़ ने माँ दुर्गा की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस दौरान 108 कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजन किया गया। कन्याओं विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भोजन करवाया और फल एवं उपहार भेंट किए। संस्था प्रधान भरत गौड़ ने कहा कि माँ दुर्गा की आराधना का वास्तविक उद्देश्य अपने भीतर की शक्ति को जागृत करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी कमियों को सुधारने, बुराइयों का सामना करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कन्या पूजन के बाद डांडिया रास एवं गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने गुजराती एवं राजस्थानी लोकधुनों और भक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दीं।

## अग्निवीर महेश कुमार का निधन

**सीमा सन्देश # चुरू**

जिले के पीथीसर गांव के 21 वर्षीय युवा अग्निवीर महेश कुमार मुहाल का ओडिशा के ब्रह्मपुर स्थित आर्मी अस्पताल में उपचार के दौरान असामयिक निधन हो गया है। वह चार महीने पहले ही सेना में भर्ती हुए थे और गोपालपुर में प्रशिक्षण ले रहे थे। पिता लालचंद ने बताया कि महेश ने 20 जून 2026 को भारतीय सेना जॉइन की थी और उनका चयन अग्निवीर आर्टिलरी एयर डिफेंस में हुआ था। गुरुवार को सेना से फोन आया कि बुखार आने के बाद वह बेहोश हो गए और तबीयत बिगड़ने पर उन्हें ब्रह्मपुर आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिता जब फ्लाइट से मिलने रवाना हुए, तभी रास्ते में उनके निधन की दुखद सूचना मिली। डॉक्टरों ने डेंगू की पुष्टि नहीं की है, हालांकि लक्षण वैसे ही बताए गए। सेना के अधिकारियों के अनुसार, उनकी पार्थिव देह शनिवार को दिल्ली पहुंच गई थी और रविवार को उनके पैतृक गांव पीथीसर पहुंचने की संभावना है। मोहसिन खान ने बताया कि कुछ समय पहले ही उन्हें पीथीसर युवा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



# बीएसएफ का सिविल एक्शन प्रोग्राम, स्कूलों को बांटे गए खेलकूद और उपयोगी सामान

**सीमा सन्देश# हिन्दूमलकोट**



सीमा सुरक्षा बल की ओर से नागरिक कल्याणकारी गतिविधियों के तहत बीओपी हिंदुमलकोट के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंदुमलकोट में एक विशेष सिविल एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में 48वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेश कुमार और बीओपी खाखा से लोकेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान गांव हिंदुमलकोट के सरपंच जगबीर सिंह न्यौल और गांव कोठा के सरपंच अमर सिंह ने कमांडेंट सुरेश कुमार को पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि कमांडेंट सुरेश कुमार ने अपने ग्रामीण पृष्ठभूमि के दिनों को याद करते हुए बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे भी ग्रामीण परिवेश से ही आगे बढ़े हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, जीवन में अनुशासन अपनाने और विशेष रूप से नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की अपील की। साथ ही, उन्होंने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा में बीएसएफ का लगातार सहयोग करने के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। बीएसएफ की ओर से क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों–कोठा, खखा, पक्की और हिंदुमलकोट के स्कूलों को स्पोर्ट्स किट, कुर्सियां, अलमारियां और मेज जैसी आवश्यक सामग्रियां वितरित की गईं। प्रिंसिपल अमनदीप कौर, गांव कोठा की प्रधानाचार्य हेमलता, गांव पक्की स्कूल के उप प्रधानाचार्य जसवीर कुमार, गांव खखा स्कूल के प्रधानाध्यापक पलविंदर सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नेतेवाला: पशुओं को बचाने के चक्कर में बोलेरो गाड़ी पलटी

**सीमा सन्देश # नेतेवाला।** पदमपुर बाइपास पर किसान चौक की तरफ सड़क पर पशु आने से बोलेरो कैंपर गाड़ी पलट गई। विगत रात्रि करीब नौ बजे शोभासिंह वाली ढाणी के रास्ते की तरफ अचानक कई पशु सड़क पर आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में चालक ने बोलेरो कैंपर को मोड़ा, लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में पलट गई। हादसे में गाड़ी सवार चार व्यक्तियों को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही साहूवाला के पूर्व सरपंच गगन सिंह बराड़ और आसपास की ढाणियों के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। झाड़ियों में पलटी बोलेरो कैंपर में चारों व्यक्ति फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बोलेरो कैंपर विद्युत विभाग में लगी हुई है।

## दशरथ-कैकई संवाद और श्रीराम वनवास की लीला ने दर्शकों को किया भावुक

**सीमा सन्देश# खाजूवाला।** श्रीरामलीला समिति खाजूवाला द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के छठवें दिन कलाकारों ने दशरथ-कैकई संवाद एवं भगवान श्रीराम के वनवास गमन की लीला का भावपूर्ण एवं सजीव मंचन किया।समिति अध्यक्ष बलराज गैरा ने बताया कि रामलीला मंचन में राजा दशरथ और रानी कैकई के बीच हुए संवाद का प्रसंग विशेष रूप से मार्मिक रहा। कैकई द्वारा राजा दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वरदान मांगने तथा भगवान श्रीराम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजगद्दी की मांग रखने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। एक ओर पत्नी को दिए वचन को निभाने की विवशता और दूसरी ओर पुत्र के प्रति अपार प्रेम के बीच राजा दशरथ की व्यथा को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रितेश यादव ने बताया कि इसके पश्चात भगवान श्रीराम के वनवास गमन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। वनवास गमन के प्रसंग में राजा दशरथ की व्याकुलता और श्रीराम से बिछड़ने की पीड़ा ने दृश्य को और भी मार्मिक बना दिया। वृंदावन से आए रसिक बिहारी रामलीला मंडल की प्रस्तुति की दर्शकों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला समिति द्वारा बृजमोहन जोशी, भंवरलाल गैरा, संजय आहूजा, अश्विनी गजरा एवं राहुल भादू को सम्मानित किया गया। मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया।



## बाजार में यातायात व्यवस्था बदहाल, आए दिन लग रहा जाम

**सीमा सन्देश#खाजूवाला।** नगरपालिका क्षेत्र के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। बाजार में वाहन चालकों द्वारा सड़क पर मनमाने तरीके से वाहन खड़े कर दिए जाने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई वाहन चालक अपने वाहन सड़क के बीच या किनारे खड़े करके खरीदारी करने बाजार में चले जाते हैं। इससे सड़क पर आवागमन बाधित होता है और देखते ही देखते जाम की स्थिति बन जाती है। एसबीआई रोड, सोसायटी रोड सहित बाजार के कई प्रमुख मार्गों पर रोजाना यातायात बाधित होने की समस्या सामने आ रही है। इन मार्गों पर दुकानों के सामने और सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े रहने के कारण अन्य वाहन चालकों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती। बाजार में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि किसी आपात स्थिति में एंबुलेंस या अन्य आवश्यक सेवा के वाहन को बाजार से गुजरना पड़े तो जाम के कारण परेशानी बढ़ सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात पुलिस की नियमित तैनाती करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रमुख मार्गों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नो-पार्किंग क्षेत्र निर्धारित कर नियमों की पालना सुनिश्चित की जाए, ताकि बाजार में आवागमन सुचारू बना रहे और आमजन को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।



## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा का युवा सम्मेलन आयोजित

## युवाओं के समर्पण से संगठन को मिलती है नई दिशा: मिथिलेश गौतम



**सीमा सन्देश # मानकसर।** रामसरा जाखड़ान गांव में पंचायत चुनाव को लेकर श्रीगंगानगर भाजपा की ओर से युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम ने कहा कि युवाओं का उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला चुनाव प्रभारी जगबीर छाबा ने कार्यकर्ताओं से समर्पित भाव से जुटने का आह्वान किया। बीकानेर विधायक जेठानंद व्यास, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पुनिया और भाजपा नेता संदीप कासनिया ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने की। कुछ लोगों ने अपनी टीमों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में प्रियंका बेलान, हनुमानगढ़ चुनाव प्रभारी दीपक पारीक, भाजयुमो प्रदेश मंत्री राहुल लेघा, पंचायत समिति चुनाव प्रभारी जितेंद्र सिंह राजवी, पंचायत समिति संयोजक कालूराम कड़ेला, हनुमान मील, मंडल अध्यक्ष कप्तान शर्मा और जोन प्रभारी धर्मवीर सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सुमिता नायक, बरकत अली सादेका (सरदारगढ़), इंदराज नायक, बूटा सिंह, संदीप स्वामी, साहिल बिश्नोई, हिमांशु खत्री, लोकेंद्र सिंह, बजरंग बिश्नोई, नीरज खींची, मुकेश बिश्नोई, सुरेंद्र वर्मा और राजन सहीतिया आदि शामिल रहे।

## चूरू में जिला महिला हॉकी टीम चयनित



**सीमा संदेश # चुरू।** राज्यस्तरीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए चूरू जिले की टीम का चयन कर लिया गया है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित चयन स्पर्धा में 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 22 खिलाड़ियों को जिला टीम में चुना गया है। हॉकी चूरू के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ चौहान ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए 22 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षक नंद कुमार शर्मा, जमील चौहान, अंजना लवानिया, उर्मिला पारीक, यूनुस खान और मोहम्मद इरफान ने सहयोग किया। टीम में चयन से खिलाड़ियों में भारी उत्साह है।

## छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया



**सीमा सन्देश # मिर्जेवाला।** ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के प्रभारी श्रद्धांजलि ने बताया कि पीएमश्री राबाउमावि मिर्जेवाला के 5 शिक्षकों प्रदीप कुमार,अमरजीत कौर आदि व 25 बालिकाओं सहित तीस सदस्यीय दल शनिवार को नोजगे पब्लिक स्कूल श्रीगंगानगर में पहुंचा। नोजगे पब्लिक स्कूल की कार्मिक नवदीप कौर द्वारा इस 30 सदस्यीय दल की अगवानी करते हुए सर्वप्रथम अत्याधुनिक ऑडोटोरियम हॉल का अवलोकन करवाया गया। विद्यालय की अंतरिक्ष प्रयोगशाला का भ्रमण करवाया। अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रखे विभिन्न उपग्रह प्रक्षेपकों व मॉडल्स आदि को देखकर विद्यार्थी बहुत रोमांचित हुए। उपलब्ध खेल सुविधाओं को देखा। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज ने नोजगे स्कूल प्रबन्धन का धन्यवाद किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित




**सीमा सन्देश#खाजूवाला।** मेरा युवा भारत, बीकानेर एवं उज्जवल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय, खाजूवाला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक आचार्य सुनीता ने कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हमें देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करना चाहिए। सुनील माहर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा मतदान के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। गोविंद कुमार एवं कुलदीप कुमार ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी तथा युवाओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। सहायक आचार्य अंबिका एवं सुमन रानी ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रिंस एनडीए एकेडमी के 231 चयनित विद्यार्थियों का सम्मान




**सीकर।** एनडीए यूपीएससी प्रवेश परीक्षा सितंबर 2026 में प्रिंस एनडीए एकेडमी एवं प्रिंस सैनिक स्कूल से चयनित 231 विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को माल्यार्पण, साफा पहनाकर, लैपटॉप बैग, डायरी, दीवार घड़ी और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर बीबी जानू, ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल, ब्रिगेडियर संग्राम सिंह डालवी, ब्रिगेडियर आरके बलवदा, कोमोडोर चंद्रशेखर आजाद, कैप्टेन जे.आर. चौधरी, एकेडमिक हेड पवन कुमावत एवं निरूपम सुण्डा ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। निदेशक जोगेंद्र सुण्डा ने कहा कि एनडीए यूपीएससी और एसएसबी विशेषज्ञों की टीम द्वारा लिखित परीक्षा, इंटरव्यू तैयारी, खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों के कारण लगातार बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने बताया कि कक्षा 6 से 12वीं तक तथा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 11 डिफेंस अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में प्रिंस के 175 कैडेट्स एनडीए, टीईएस, एसीसी, सीडीएस और एएफकैट जैसी परीक्षाओं में चयनित हो चुके हैं।

## डीएवी कॉलेज महिला व पुरुष दोनों वर्गों में बॉक्सिंग चैम्पियन



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** डीएवी कॉलेज में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से आयोजित दो दिवसीय 22वीं अंतरमहाविद्यालय बॉक्सिंग (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का समापन हुआ। करीब 40 महाविद्यालयों के 150 से अधिक मुक्केबाजों ने भाग लिया। मेजबान डीएवी कॉलेज ने सर्वाधिक पदक जीतकर महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों की चैंपियनशिप अपने नाम की। महिला वर्ग में वकील रानी, सानिया, तृष्णा और कशिश ने स्वर्ण, जबकि ज्योति और मोक्षिका ने कांस्य पदक जीते। पुरुष वर्ग में मयंक, रजत, अरमान नायक और प्रभजोत सिंह ने स्वर्ण, नरेंद्र व हरप्रीत सिंह ने रजत तथा उस्मान, विशाल और मोहित ने कांस्य पदक हासिल किए। वकील रानी महिला वर्ग और रजत पुरुष वर्ग के सर्वश्रेष्ठ बॉक्सर चुने गए। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया, आयोजन समिति सचिव डॉ. सीताराम ताखर, सद्दाम हुसैन, अंजली सिंह, विवि पर्यवेक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़, गेम्स एक्सपर्ट विजेंद्र रंगा, डॉ. राजेश्वर गोदारा, डॉ. जसप्रीत सिंह और डॉ. विजय कुमार सोनी ने विजेताओं को पदक प्रदान किए। निर्णायक की भूमिका महेन्द्र सिंह, प्रेम कुमार, सुनील कुमार, रुपिंदर सिंह, हरप्रीत कौर और गौरव ने निभाई। प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने खिलाड़ियों को दोहरी चैंपियनशिप की उपलब्धि पर बधाई दी।


**कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**
क्रमांक: राजकाज रे.नं. 25090368 आपत्ति सूचना दिनांक : 16.10.2026

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थीया श्रीमती रजनी उर्फ रजनी सोनी पुत्री स्व श्री सुभाष चन्द्र ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड वाके वार्ड नम्बर 8/12 रामबारात घर के पास रामदेव मन्दिर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 16 गुणा 30 फीट (480 अर्थात 53.33 स्क्वै. वर्गगज) का नामांतरण व अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की है। 10.10.2026 यह कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार श्रीमती भूपेन्द्र कौर पत्नी श्री सुभाष चन्द्र के नाम से भूखण्ड वाके वार्ड नम्बर 8/12 रामबारात घर के पास रामदेव मन्दिर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 16 गुणा 30 फीट (480 अर्थात 53.33 वर्गगज) का कच्ची बस्ती पट्टा विलेख, आवासीय, राजस्थान नगरीय भूमि निस्तारण नियम 1974 व कच्ची बस्ती नियमन नीति 2005 के अनगंत पट्टा विलेख क्रमांक 2174 पट्टा संख्या 223 दिनांक 04.03.2024 को जारीशुदा है। जो 20.03.2024 को पंजीकृत है। उक्त पट्टा के पीछे पृष्ठ पर 03 वर्ष पूर्व विक्रय / दान / हस्तांतरण नहीं करने की शर्त अंकित है।संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती भूपेन्द्र कौर पत्नी श्री सुभाष चन्द्र का देहांत दिनांक 24.05.2026 को हो चुका है। सुभाष चन्द्र पुत्र श्री जगन्नाथ का देहांत दिनांक 27.01.1997 को हो चुका है। संलग्न सदस्य प्रमाण पत्र जो सबडिविजन मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर द्वारा प्रमाणित है के अनुसार इनकी एकमात्र वारिस रजनी उर्फ रजनी सोनी इनकी पुत्री है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। – आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला-हनुमानगढ़**
क्रमांक / नगपा / नामान्तरण/आ०मु०/2026-27/3899 दिनांक :-13-10-26

–: आपत्ति सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचनाथ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता हैं कि श्री बलराम सिंह पुत्र श्री मुंशीराम जाति मेहरा निवासी वार्ड नम्बर 24 नया वार्ड नम्बर 32 पीलीबंगा ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 186226/01-06-2026 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर- वार्ड नम्बर 32, आवासीय भूखण्ड कच्ची बस्ती पट्टा संख्या 220/06-01-2023 साईज 194.21 वर्गगज (1747.94 Sq.Yard) का नामान्तरण अपने नाम से नामांतरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत मृत्यु प्रमाण पत्र, वसियत, शरावतनामा, हल्फनामा, आदि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं वर्तमान में उक्त भूखण्ड मुताबिक प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार श्रीमती रानी देवी पत्नि स्व. श्री मुन्शीराम, निवासी वार्ड नम्बर 32 पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर-वार्ड नम्बर 32, आवासीय, कच्ची बस्ती पट्टा संख्या-220/06.01.2023 के द्वारा जारीशुदा है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्रीमती रानी देवी पत्नि श्री मुन्शीराम की मृत्यु दिनांक 22.01.2025 को हो चुकी है एवं इनके पति श्री मुन्शीराम की मृत्यु भी दिनांक 11.11.2012 को हो चुकी है। वार्ड पार्षद वार्ड नम्बर 32, द्वारा जारी सदस्य प्रमाण पत्र क्रमांक SPL दिनांक 15.05.2025 के अनुसार श्रीमती रानी देवी पत्नि श्री मुन्शीराम के निम्न सदस्य है। (1) सोनदीप पुत्री (2) बलराम सिंह पुत्र कुल 02 सदस्य हैं। अब उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष मे किया जाना है। उक्त नामान्तरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 (सात) दिवस में सूचित करें बाद गुजरे मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामांतरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

– अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका पीलीबंगा

**कार्यालयः–सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सॉसायटी, राजकीय उपजिला चिकित्सालय, सरदारशहर**
क्रमांकः खुली निविदा/2026-27/1780 दिनांकः 17/10/26

–: खुली निविदा- ई निविदाः–

राजकीय उप जिला चिकित्सालय, सरदारशहर में विभिन्न योजनाओं के तहत खुली ई-निविदा जारी की गई है रजिस्टर्ड संवेदक/फर्मों/सेवाप्रदाताओं से खुली-ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाइन ई-प्रोक्यूरमेन्ट साइट प्रक्रिया द्वारा दो रूपों में ई-निविदा प्रस्ताव-तकनीकी निविदा प्रस्ताव एवं वित्तीय निविदा प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते है। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें इत्यादि वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन/डाउनलोड/ अपलोड कर सकते है। **UBN is: MHS2627GLOB04210, MHS2627GLOB04243**

– (डॉ. चन्द्रभान) सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी राजकीय उपजिला चिकित्सालय, सरदारशहर

**PM SHRI Govt. Upper Primary School, 6 RPM**
Block Nohar Distt. Hanumangarh (Raj.) PIN Code 335523
Sr. No. 1166 आवश्यकता Date: 17.10.2026

LEP Teacher के रूप में 60 घंटे Teaching कार्य हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाने बाबत

कार्य का विवरण : पद - LEP Teacher
शिक्षण कार्य : 60 घंटे, मानदेय : 200/- प्रति घंटा
आवश्यक योग्यता : बी.एड., आवेदन की अंतिम तिथि : 28 अक्टूबर 2026

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना आवेदन दस्तावेजों के साथ विद्यालय में जमा कर सकते हैं। इसकी नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई होगी। एसएमसी के पास यह अधिकार होगा कि नियुक्ति को कभी भी निरस्त किया जा सकता है।

प्रभारी HEADMASTER, PM SHRI GUPS, 6 RPM

**कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राजस्थान)**
क्रमांकः- नियमन/2026/8956 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 05/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा निवासी मकान नं.08, मोहर सिंह चौक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है : -

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एम.एल. मुरब्बा नं.19 किला नं. 17 में माप 25 इन्दू 55 फीट भूखण्ड संख्या बी-08, रिद्धि-सिद्धि द्वितीय सैक्टर-17, श्रीगंगानगर। | उक्त भूखण्ड का नियमन पटटा संख्या 12157 दिनांक 21.09.2021 को मैसर्स एवीओ होम्स जरिये पार्टनर श्री ओजस्वी गोयल पुत्र श्री राधेश्याम गोयल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती दुर्गा देवी शर्मा पत्नी श्री प्रमोद शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 21.03.2023 के द्वारा क्रय किया हुआ है। श्रीमती दुर्गा देवी की मृत्यु दिनांक 05.12.2024 को होने के उपरान्त इनके वारिस श्री प्रमोद कुमार शर्मा द्वारा सदस्य प्रमाण पत्र एवं पटटे की प्रति प्रस्तुत उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। इस सम्बन्ध में श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राम प्रसाद शर्मा निवासी मकान नं.08, मोहर सिंह चौक, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर

## न्यूज इन ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र घायल

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** जंक्शन में नवरतन बच्चों के अस्पताल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एसकेडी कॉलेज का छात्र विक्रम सिंह (23) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह रात को बाइक से चक ज्वालासिंह रोड से डिपो की तरफ जा रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने छात्र को चावला नर्सिंग होम पहुंचाया, जहां से उसे टाउन के बेनीवाल आर्थो अस्पताल रेफर कर भर्ती कराया गया। घायल के पिता देवीलाल की रिपोर्ट पर जंक्शन थाना पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

### नौकरी का झांसा देकर लाखों ठगे

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** विदेश में नौकरी और 80 हजार रुपये मासिक वेतन का झांसा देकर कोहला निवासी विनोद कुमार से 3.40 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि जंक्शन स्थित वर्ल्ड इमिग्रेशन के संचालक अमनदीप सिंह ने दो साल का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर रकम ली और 100 रुपये के स्टांप पर एग्रीमेंट किया। रूस पहुंचने पर पीड़ित को न नौकरी मिली और न वर्क वीजा; वहां पता चला कि उसे सिर्फ 16 दिन का ई-वीजा दिया गया था। अदालत के आदेश पर टाउन थाना पुलिस ने आरोपी एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिवानी जोशी प्रदेश सचिव नियुक्त

**सीमा सन्देश # नोहर।** विप्र फाउंडेशन के महिला प्रकोष्ठ में



नोहर की शिवानी जोशी को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकला आचार्य की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। शिवानी जोशी क्षेत्र के प्राचीन श्री जोहड़े वाले हनुमान मंदिर के पुजारी जोन कुमार जोशी की पुत्रवधू हैं। उनकी नियुक्ति से नोहर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सामाजिक लोगों ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शिवानी जोशी की नियुक्ति को क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। उनकी नई जिम्मेदारी से महिला प्रकोष्ठ के संगठनात्मक कार्यों को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। शिवानी जोशी ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संगठन के माध्यम से कार्य करेगी।

### सुबह छाई धुंध व सर्दी की दस्तक

**सीमा सन्देश # चारणवासी।** शनिवार सुबह क्षेत्र में इस सीजन में पहली बार धुंध छाई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। सुबह के समय विजिबिलिटी बेहद कम रहने के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और चालकों को हेडलाइट जलाकर रेंग-रेंग कर चलना पड़ा। धुंध के साथ-साथ तापमान में आई गिरावट से क्षेत्र में गुलाबी ठंड की दस्तक का अहसास हुआ। अचानक बदले इस मौसम से लोगों के रहन-सहन और रोजमर्रा की दिनचर्या में बदलाव देखने को मिला। सुबह टहलने निकलने वाले, अखबार व दुध लोग हल्के गर्म कपड़ों में नजर आए, वहीं ठंडक से मौसम सुहावना हो गया।

### किराना स्टोर से पेट्रोल-डीजल जब्त

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** रसद विभाग की टीम ने नोहर तहसील के ललाना बास नथवानिया में एक किराना स्टोर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मौके से 160 लीटर डीजल और 84 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया। जिला रसद अधिकारी सुनील घोड़ेला के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षक मनीष सिंगला और पुरुषोत्तम ने हार्दिक किराना स्टोर पर जांच की। जांच के दौरान अवैध रूप से पेट्रोल एवं डीजल का भंडारण और बिक्री किए जाने का मामला सामने आया। मौके से कुल 244 लीटर पेट्रोल-डीजल बरामद कर जब्त किया गया। अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# पंचायतराज चुनाव : भाजपा को 215 से अधिक आवेदन, टिकट के लिए 19 अक्टूबर को मंथन

## जिला परिषद के 37 जोन के लिए मिले करीब 102 आवेदन, सर्वे के आधार पर जिताऊ प्रत्याशियों को प्राथमिकता

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़**

पंचायत चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने जिले में टिकट वितरण की कवायद तेज कर दी है। जिले की सभी 10 पंचायत समितियों में पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर इच्छुक प्रत्याशियों से आवेदन लिए जा रहे हैं। पंचायत समिति के 208 ब्लॉक और जिला परिषद के 37 जोन के लिए अब तक 215 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें जिला परिषद के 37 जोन के लिए करीब 102 आवेदन शामिल हैं। आवेदनों पर विचार-विमर्श और आपसी सामंजस्य के लिए 19 अक्टूबर को पार्टी की कोर कमेटी की बैठक होगी। पंचायत चुनाव के लिए भाजपा के जिला संयोजक नियुक्त किए गए आशीष पारीक ने बताया कि पार्टी की ओर से विस्तृत सर्वे भी



करवाया गया है, ताकि जीतने की स्थिति वाले उम्मीदवारों की पहचान की जा सके। पार्टी की विचारधारा से जुड़े और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले जिताऊ प्रत्याशियों को टिकट देने में प्राथमिकता दी जाएगी। आशीष पारीक ने कहा कि भाजपा एक बड़े परिवार की तरह है। परिवार बढ़ने के साथ टिकट मांगने वालों की संख्या भी बढ़ती है। पार्टी सभी आवेदनों की छंटनी कर जनता के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी से अपेक्षाएं रहती हैं। वे लंबे समय तक संगठन के लिए काम करते हैं और फिर जनता की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन टिकट एक ही व्यक्ति को दिया जा सकता है। ऐसे में सभी दावेदारों को बैठाकर सामंजस्य बनाने की कोशिश होगी, ताकि टिकट नहीं मिलने पर भी कार्यकर्ता पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ें। नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा ने इसी तरह सामंजस्य बनाने का प्रयास किया था। पार्टी के वरिष्ठ नेता इस दिशा में जुटे हुए हैं।

### मुकदमों को लेकर यह कहा

निर्दलीय विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमों से जुड़े सवाल पर पारीक ने कहा कि भाजपा किसी पर मुकदमे नहीं करवा रही है। कानून अपना काम कर रहा है और इसमें पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसने जैसा कार्य किया है, उसका परिणाम कभी न कभी सामने आता है। पारीक ने कहा कि भाजपा सुशासन में विश्वास रखने और पार्टी पर भरोसा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़ी है।

### पंचायत समितियों में बोर्ड बनाने का दावा

पारीक ने कहा कि पंचायत समितियों के दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। इससे लग रहा है कि भाजपा सभी पंचायत समितियों में अपना बोर्ड बनाने की स्थिति में है। उन्होंने दावा किया कि जिले की सभी पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान और जिला परिषद में जिला प्रमुख भी भाजपा का ही बनेगा।

## युवक की मौत का मामला

# मां ने बहू पर लगाया आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

**सीमा सन्देश # नोहर।** जहर सेवन से युवक तैयब की मौत के मामले में उसकी मां गुलजारा बानो ने बहू नाजमीन और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने परिवादिया की रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुलजारा बानो के अनुसार, तैयब का निकाह 2021 में बीकानेर निवासी नाजमीन से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही नाजमीन उसे परेशान करने लगी और 2025 में तलाकनामा कराने के बावजूद दोबारा आकर रुपयों व मकान नाम करने का दबाव बनाने लगी।

मां का आरोप है कि नाजमीन और उसके साथी तैयब को नशे का आदी बनाकर प्रताड़ित करते थे तथा धमकियां देते थे। मौत से दो दिन पूर्व तैयब ने मां से अपनी जान का खतरा भी जताया था। मां ने आशंका जताई कि उसके बेटे को जहर दिया गया या पीने पर मजबूर किया गया। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# बिजली बिलों में राहत की मांग, 'आप' ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** आम आदमी पार्टी ने बिजली बिलों में राहत देने और उपभोक्ताओं का शोषण रोकने के लिए मुख्यमंत्री के नाम डिस्कॉम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बेनीवाल के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने तथा फ्यूल सरचार्ज व विशेष ऑडिट शुल्क वसूली बंद करने की मांग की गई।

इसके अलावा मीटर किराया घटाकर 200 रुपये करने, जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक, कंपनियों के निजीकरण को बंद करने, कैग से ऑडिट करवाने और किसानों के लंबित कृषि कनेक्शन तत्काल जारी करने की मांग उठाई गई।

# नोहर के चाय व्यापारियों ने पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया को सौंपा ज्ञापन



**सीमा सन्देश # नोहर।** राजस्थान में चाय व्यापार पर कृषि उपज मंडी अधिनियम लागू किए जाने के विरोध में नोहर के चाय व्यापारियों ने पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। व्यापारियों ने चाय व्यापार को कृषि उपज मंडी अधिनियम के दायरे से पूरी तरह बाहर रखने की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों के अनुसार, वर्ष 2024 में चाय व्यापार पर कृषक कल्याण शुल्क लगाया गया था, जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया। अब नोहर कृषि उपज मंडी समिति की ओर से चाय व्यापारियों को दस्तावेज और शुल्क जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इससे व्यापारियों में असमंजस और नाराजगी है। व्यापारियों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने तत्काल नोहर कृषि उपज मंडी समिति के सचिव से दूरभाष पर बात की और चाय व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि इस मामले में जल्द ही मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री से बातचीत कर निर्णय से अवगत करवाया जाएगा। इस अवसर पर चाय व्यापारी किशोरी लाल पारीक, राजेंद्र कंदोई, अजय सरिया, मुन्नालाल जोशी, प्रेम कंदोई और रामदेव तिवाड़ी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# केवीके संगरिया में खरीफ फसलों के समेकित कीट प्रबंधन पर पांच दिवसीय एचआरडी कार्यक्रम आयोजित



**सीमा सन्देश # संगरिया।** टिड्डी दल-सह-एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, श्रीगंगानगर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र संगरिया हनुमानगढ़ में खरीफ फसलों, विशेष रूप से कपास, का समेकित कीट प्रबंधन विषय पर पाँच दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एलसीआईपीएमसी के उप निदेशक डॉ. आरके शर्मा, मुख्य अतिथि श्रीमती यशवंती चौधरी, संयुक्त निदेशक, कृषि विभाग, हनुमानगढ़ तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अनूप कुमार, प्रभारी अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके संगरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षकों, पीएफपीओ प्रतिनिधियों तथा किसानों सहित 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कपास में कीट निगरानी, आर्थिक क्षति स्तर, समेकित नाशीजीव प्रबंधन, जैविक नियंत्रण तथा ट्राइकोग्रामा के उपयोग एवं वितरण संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन दिवस को सुश्री श्रद्धा गोमे, आईएएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होंने सभी 40 प्रतिभागियों को आईपीएम किट एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा अपने अनुभव एवं विचारों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को कपास सहित खरीफ फसलों में आईपीएम तकनीकों को अपनाने, वैज्ञानिक जानकारी किसानों तक पहुँचाने तथा पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक निदेशक प्रकाशचंद्र, सहायक पादप संरक्षण अधिकारी जितेंद्र मीणा, अंकित कुमार जांगिड़ व करीना, वैज्ञानिक सहायक आरके चौधरी एवं वर्षा व तकनीकी सहायक रिया चावला का योगदान रहा।

# रामलीला में विभीषण निष्कासन का मंचन, 20 अक्टूबर को मनेगा दशहरा



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** टाउन के श्रीरामलीला रंगमंच पर 11वें दिन संतोषी माता की झांकी के बाद विभीषण निष्कासन का भावपूर्ण मंचन हुआ।

धर्म की सलाह देने पर अहंकारी रावण ने विभीषण को लात मारकर लंका से निकाला, जिसके बाद वे श्रीराम की शरण में पहुंचे। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि 66 वर्षों से यह मंचन जन-जन तक संस्कार पहुंचा रहा है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को टाउन बाईपास दशहरा ग्राउंड में भव्य दशहरा उत्सव मनेगा, जहां रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले दहन होंगे। व्यवस्थाएं महावीर दल के स्वयंसेवकों ने संभालीं।

# छात्र पंकज कुमार ने जीता रजत पदक, राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**सीमा सन्देश # सूरांवाली।** गांव सूरांवाली स्थित पुष्पक ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र पंकज कुमार ने भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ पंकज कुमार का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी चयन हुआ है।



उनकी सफलता से विद्यालय, गांव और जिले में खुशी का माहौल है। पंकज कुमार की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रमिला सुथार ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं, विद्यालय के निदेशक संतोष कुमार सुथार व समस्त स्टाफ ने पंकज कुमार की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए समस्त ग्रामवासियों और शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। छात्र की इस सफलता से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। राज्य स्तर पर रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होना विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। पंकज कुमार की उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### आरजीएचएस कटौती से पेंशनर्स परेशान

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा की पाक्षिक बैठक शनिवार को पेंशनर हॉल में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आरजीएचएस के तहत दवाओं और जांचों में की गई कटौती पर गहरा रोष जताया गया। बैठक में दिवंगत परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# गीतांजलि स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़ाया नोहर का गौरव

## रोलर स्केटिंग में आयुष कुलड़िया ने जीते 3 स्वर्ण पदक, कुश्ती, एथलेटिक्स और बैडमिंटन में भी विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**सीमा सन्देश # नोहर।** गीतांजलि स्कूल नोहर (इंग्लिश मीडियम) के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और नोहर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोलर स्केटिंग में आयुष कुलड़िया ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया। वहीं कुश्ती, एथलेटिक्स और बैडमिंटन में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रोलर स्केटिंग खिलाड़ी आयुष कुलड़िया, पुत्र बलवान सिंह एवं मंजू कुलड़िया निवासी ललाना ने इनलाइन 500 मी.,



1000 मी. और 3000 मी. रोड रेस में प्रथम स्थान हासिल किया। तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही आयुष का राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। अब वह राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा। कुश्ती में राहुल ने 17 वर्षीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह जिला स्तर पर लगातार चौथी बार स्वर्ण पदक हासिल कर चुका है। इसी तरह मनीष ढुकिया ने 14 वर्षीय कुश्ती प्रतियोगिता के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा साबित की। यह उसका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है। मनीष अब हनुमानगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। एथलेटिक्स में रवि प्रकाश ने 14 वर्षीय वर्ग की हाई जंप स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वह हनुमानगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। वहीं बैडमिंटन में परमजीत सैनी ने 17 वर्षीय सिंगल्स वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वह राजस्थान स्तर पर जिले की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेगा।

**खिलाड़ियों का किया सम्मान :** खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों पर गीतांजलि ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक पवन खटोतिया, सह-निदेशक साहिल सिहाग, महात्मा गांधी स्कूल के प्राचार्य राकेश कस्वां, बलवान कुलड़िया, गीतांजलि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपेन्द्र इंदौरिया, गीतांजलि लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश बिश्नोई, पीडी सर, हिमांशु खटोतिया, जेके सर, राकेश नागल, जय नारायण पारीक, नरेंद्र सिसोदिया, सुनील शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मदन राठौड़ के बयान पर भड़की कांग्रेस, पुतला फूंककर मांगा इस्तीफा



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा पाकिस्तान के समर्थन में दिए गए कथित बयान के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जंक्शन कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर पुतला फूंका। डीसीसी अध्यक्ष मनीष मक्कासर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और राठौड़ के इस्तीफे की मांग की। मक्कासर ने कहा कि क्रिकेट मैच में पाकिस्तान का समर्थन करने की बात कहकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने देश के शहीदों का घोर अपमान किया है। उन्होंने राठौड़ से माफी की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

मौके पर विधायक विनोद गोठवाल सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की पल्लू में बड़ी कार्रवाई • लावारिस मावा और नमकीन को मौके पर ही करवाया नष्ट, मिठाई एवं डेयरी प्रतिष्ठानों से भी लिए खाद्य नमूने

# निजी बस से लगभग 600 किलो दुर्गंधयुक्त मावा और खराब तेल की बदबू वाली नमकीन बरामद

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़**

दीपावली के त्योहार को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल की ओर से खाद्य सामग्री के निर्माण एवं विक्रय से जुड़े प्रतिष्ठानों की जांच के साथ सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार रात्रि को पल्लू में बीकानेर से हनुमानगढ़ आ रही एक निजी बस से दुर्गंधयुक्त मावा एवं खराब नमकीन बरामद की गई। खाद्य सुरक्षा दल ने लावारिस खाद्य सामग्री के नमूने लेने के बाद उसे मौके



पर ही नष्ट करवा दिया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि दीपावली के त्योहार के दौरान मिठाइयों एवं नमकीन की मांग बढ़ने के कारण खाद्य सामग्री के निर्माण और बिक्री में भी तेजी आती है। ऐसे समय में कुछ खाद्य विक्रेताओं की ओर से अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से खराब गुणवत्ता वाले मावे तथा दूषित या बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल में तैयार नमकीन का विक्रय किए जाने की आशंका रहती है।

इसी के चलते खाद्य सुरक्षा दल ने शुक्रवार शाम को पल्लू में कई बसों की जांच की। शाम लगभग 6.30 बजे बीकानेर से आ रही ममता ट्रैवल्स की



बस संख्या आरजे 07 पीआर 8560 को रुकवाकर जांच की, तो उसमें से 220 किलोग्राम मावा और 360 किलोग्राम से अधिक नमकीन बरामद हुई। खाद्य सामग्री की जांच की, तो मावे से दुर्गंध आ रही थी, जबकि नमकीन में खराब तेल जैसी बदबू महसूस हो रही थी। बस के चालक और परिचालक ने बताया कि मावा बीकानेर से लोड किया गया था, लेकिन उसे यह जानकारी नहीं थी कि खाद्य सामग्री किसकी है। खाद्य सामग्री के मालिक की पहचान नहीं होने तथा उसकी गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा दल ने नियमानुसार सैंपलिंग की कार्रवाई की। डॉ. शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीपी शर्मा, दीपक कुमार एवं अनुपम चोयल ने शाम करीब 6.30 बजे बस को पल्लू में रुकवाकर जांच शुरू की, जो रात करीब 11.30 बजे तक जारी रही।

**जिला प्रशासन का रहा सहयोग:** खाद्य सुरक्षा दल की ओर से की गई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। तहसीलदार कुलदीप मीणा ने संदिग्ध एवं खराब खाद्य सामग्री को नष्ट करवाने की प्रक्रिया में सहयोग किया। कार्रवाई के पश्चात जेसीबी मशीन मंगवाई गई तथा बड़ा गड्ढा खुदवाकर पूरी खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया, ताकि इसका दोबारा उपयोग या बाजार में विक्रय नहीं हो सके।

दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई में विभागीय टीम और जिला प्रशासन के बीच समन्वय देखने को मिला।

### पनीर, दूध और मिठाइयों के भी लिए नमूने

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत अन्य प्रतिष्ठानों पर भी सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। रावतसर स्थित मैसर्स जेपी पनीर प्रतिष्ठान से पनीर एवं दूध के कुल चार नमूने लिए गए। वहीं, पल्लू स्थित मैसर्स भाई-भाई स्वीट्स से मावा एवं रसगुल्ले के नमूने लिए गए। पल्लू के मैसर्स सांवरिया मिष्ठान प्रतिष्ठान से गुलाब जामुन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। सीएमएचओ डॉ. शर्मा के अनुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग, निरीक्षण एवं जांच की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। विभाग का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं खराब सामग्री की बिक्री पर रोक लगाना है।

**शुभारम्भ** ● एमडी कॉलेज पल्लू ने गुरु जंभेश्वर कॉलेज रावतसर को 7 विकेट से हराया, खिलाड़ियों को दिलवाई खेल भावना की शपथ

# पीलीबंगा में 22वीं अंतरमहाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**सीमा सन्देश # पीलीबंगा**



स्थानीय इंदिरा गांधी मेमोरियल पीजी महाविद्यालय में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में 22वीं अंतरमहाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष वर्ग-2026 (हनुमानगढ़ जोन) का शनिवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीलीबंगा शिक्षण समिति अध्यक्ष शांतिलाल दफ्तरी रहे। विशिष्ट अतिथियों में शिक्षण समिति उपाध्यक्ष अशोक तावणिया, उपसचिव नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमन बाघला, वरिष्ठ सदस्य भागीरथ पारीक, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजीव गोदारा, प्रो. (डॉ.) बृजलाल शर्मा, कृष्ण लाल गोदारा तथा विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक मलकीत सिंह भुल्लर शामिल हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। मुख्य अतिथि शांतिलाल दफ्तरी ने प्रतियोगिता के आरंभ की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से अनुशासन बनाए रखने और खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक मलकीत सिंह भुल्लर ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना के अनुरूप प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल संबंधी शपथ दिलाई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया तथा अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

**पहले मुकाबले में पल्लू की टीम विजयी :** प्रतियोगिता का पहला मुकाबला एमडी कॉलेज, पल्लू और गुरु जम्भेश्वर कॉलेज, रावतसर के बीच खेला गया। रावतसर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 95 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में एमडी कॉलेज, पल्लू की टीम ने अंतिम ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह पल्लू की टीम ने सात विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता में विजयी शुरूआत की। मैच में शारीरिक शिक्षक संजीव बेनीवाल, बलविंद्र खोसा, विनोद डेलू, विनोद बेनीवाल एवं राहुल कुमार ने अंपायर की भूमिका निभाई। आयोजन सचिव तरणदीप सिंह सहित अन्य आयोजनकर्ता उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष कुंदनलाल चेतवानी ने किया।

## हनुमान को बंदी बनाकर रावण के दरबार में लाने का दृश्य रहा आकर्षण का केन्द्र



**सीमा सन्देश # टिब्बी।** कस्बे की पोस्ट ऑफिस वाली गली में नवयुवक रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में देर रात रावण-हनुमान संवाद और लंका दहन के दृश्यों का मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा। संवादों के दौरान पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मंचन के दौरान मेघनाथ हनुमान को बंदी बनाकर रावण के दरबार में लेकर पहुंचता है। इसके बाद रावण और हनुमान के बीच हुए संवाद ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, रावण के आदेश पर हनुमान की पूंछ में आग लगाई जाती है, जिसके बाद हनुमान लंका में आग लगा देते हैं। लंका दहन के दृश्य को दर्शकों ने खूब सराहा। समिति अध्यक्ष नदीम फारूकी ने बताया कि रामलीला में हनुमान का किरदार सुभाष स्वामी, रावण का प्रिंस सोनी, मेघनाथ का राम और विभीषण का किरदार प्रदीप शर्मा निभा रहे हैं। रामलीला देखने के लिए देर रात तक दर्शक मौजूद रहे।

## टोपरियां क्षेत्र में कोहरे की सफेद चादर, सुबह दृश्यता रही कम



**सीमा सन्देश # टोपरियां।** क्षेत्र के कई गांवों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सड़कों, खेतों और गांवों में धुंध की सफेद चादर नजर आई। कम दृश्यता के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते वाहन चालक सुबह 7 बजे तक हाईवे पर लाइट जलाकर चलते नजर आए। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और साइकिल सवारों को सामने से आने वाले वाहन देखने में दिक्कत हुई। टोपरिया, ढंढेला और देईदास सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों पर कोहरे की परत छाई रही। पेड़-पौधे और खुले मैदान भी धुंध से ढके नजर आए। किसान अजय कुमार गोदारा और सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह में छाई यह धुंध अगेती सरसों की फसल के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। सुबह के कोहरे से क्षेत्र में मौसम में बदलाव का असर भी दिखाई दिया।

# अमरसिंह ब्रांच की एनटीआर नहर में सिंचाई पानी नहीं, रबी बुवाई पर संकट

### बारिश के अभाव और ट्यूबवेल के खारे पानी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**सीमा सन्देश # नोहर।** क्षेत्र में बारिश नहीं होने और अमरसिंह ब्रांच की एनटीआर नहर में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से रबी की बुवाई पर संकट मंडराने लगा है। खेतों में नमी की कमी के चलते किसान परेशान हैं। समय पर सरसों की बुवाई करने के लिए किसानों को ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ रहा है, लेकिन क्षेत्र में ट्यूबवेलों का खारा पानी भी किसानों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। ढाणी अराईयान क्षेत्र में खेतों की सिंचाई के लिए किसान ट्यूबवेल से फव्वारा पद्धति अपनाकर जमीन में नमी बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि सरसों की बुवाई समय पर की जा सके। नहरों में पानी की उपलब्धता नहीं होने और बारिश के अभाव में किसानों के सामने खेती का संकट गहराने लगा है। खेतों में दूर-दूर तक सूखी जमीन नजर आ रही है और किसान किसी तरह बुवाई के लिए खेत तैयार करने में जुटे हैं।




**खारा पानी जमीन की उर्वरता के लिए भी चिंता :** किसानों के सामने परेशानी केवल सिंचाई पानी की कमी तक सीमित नहीं है। ट्यूबवेलों से मिलने वाला खारा पानी भी खेती के लिए सिरदर्द बना हुआ है। किसानों के अनुसार, खारे पानी के लगातार उपयोग से जमीन की उपजाऊ क्षमता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नहर के पानी की उपलब्धता नहीं होने पर ट्यूबवेल पर निर्भरता बढ़ाना किसानों की मजबूरी बन गया है। इससे सिंचाई का अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है। रबी का सीजन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सरसों सहित अन्य फसलों की बुवाई समय पर नहीं होने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण किसान असमंजस में हैं कि आखिर फसलों की बुवाई कैसे और कब की जाए। सिंचाई व्यवस्था के अभाव में किसान अपने स्तर पर वैकल्पिक इंतजाम कर रहे हैं, लेकिन यह व्यवस्था उनकी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है।

**एनटीआर नहर में पानी छोड़ने की मांग :** किसानों ने जिला कलक्टर एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि रबी की बुवाई को ध्यान में रखते हुए अमरसिंह ब्रांच की एनटीआर नहर में तत्काल पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाया जाए। किसानों का कहना है कि बुवाई का समय निकलने से पहले नहर में पानी पहुंचाना जरूरी है, ताकि खेतों में नमी बन सके और फसलों की बुवाई प्रभावित न हो। अब किसानों की निगाहें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं। समय रहते सिंचाई पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो रबी की बुवाई में देरी किसानों की परेशानी और बढ़ा सकती है।

## दिव्यांगजन अधिकारों और बाल विवाह रोकथाम पर विधिक जागरूकता शिविर



**सीमा सन्देश # टिब्बी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के स्टेट एक्शन प्लान की पालना में शनिवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय, केहरवाला में दिव्यांगजन अधिकारों एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष विधिक सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन अधिकार मित्र (पीएलवी) जगदीश डूडी ने किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तनवीर चौधरी, प्राधिकरण के सचिव गजेंद्र सिंह तेनगुरिया तथा टिब्बी तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं एसीजेएम तुषार बिश्नोई के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को दिव्यांगजनों के अधिकारों तथा रालसा, नालसा और राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों, इसे रोकने के उपायों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में कुल 140 लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक गोविंदराम थोरी, व्यवस्थापक प्रहलाद गोदारा, मुरारीलाल, प्रेम गोदारा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यौलखी में खेल प्रतिभाओं का सम्मान



**सीमा सन्देश # टोपरियां।** गांव न्यौलखी के राउमा विद्यालय में खेल प्रतिभाओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ ने शारीरिक शिक्षक सीताराम लालर व खिलाड़ियों को माला पहनाकर और साफा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद गांव के मुख्य रास्तों से रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार पंचारिया ने बताया कि इस सत्र में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दो छात्राएं खेलो इंडिया लीग में, दो छात्राएं जूनियर व सब-जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर तथा दो छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। वहीं, कुल 19 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। इनमें राज्य स्तर पर पहला और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ी भी शामिल हैं।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही। एथलेटिक्स की रिले रेस टीम ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि तीन छात्राओं ने व्यक्तिगत एथलेटिक्स स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। 17 वर्षीय हॉकी टीम जिला स्तर पर दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा मानस अभियान में विद्यालय की टीम ने ब्लॉक स्तर पर पहला स्थान हासिल किया।

## ढुकिया परिवार ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा

### देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सिहाग के नेतृत्व में दिलाई सदस्यता

**सीमा सन्देश # पल्लू।** कांग्रेस पार्टी को उस समय मजबूती मिली, जब क्षेत्र के प्रतिष्ठित ढुकिया परिवार ने भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भाई वेद प्रकाश सिहाग के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में ढुकिया परिवार के सदस्यों का कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में पल्लू व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रेम ढुकिया सहित नंदराम ढुकिया, तेजाराम ढुकिया, दुगार्राम ढुकिया, ओम ढुकिया, बीरबल ढुकिया, ज्ञानीराम ढुकिया, महेंद्र ढुकिया, मालाराम ढुकिया, राजेंद्र ढुकिया एवं परिवार के अन्य सदस्य शामिल रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



**वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित कई कार्यकर्ता रहे मौजूद :** कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण जोशी, गौरीशंकर थोरी, मास्टर तरुण मेघवाल, यासीन कलाल, रतिराम खालिया, शेर खान तेली, चरण सिंह सिहाग, कृष्ण नायक एवं भादर मेघवाल सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुक्केबाजी में निकेता ने जीता स्वर्ण पदक

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित अंतरमहाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पुलकित कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन की छात्रा निकेता ने स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निकेता (सुपुत्री चांदीराम) ने फाइनल मुकाबले में एसबीएन डिग्री कॉलेज, सिद्धमुख की अनामिका को मात दी।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंद्रा गुरनानी ने निकेता को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और जुझारूपन पैदा करते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ खेलों में भाग लेने का आह्वान किया।

## हिस्ट्रीशीटर राकेश कासनियां पर 10 हजार, संदीप वर्मा पर 2 हजार का इनाम

**सीमा सन्देश # पीलीबंगा/18 एसपीडी।** पुलिस को वांछित आरोपियों की तलाश है। पुलिस के अनुसार थाना पीलीबंगा के हिस्ट्रीशीटर राकेश कासनिया पुत्र लालचंद कासनिया, निवासी 4 एसटीबी, जाखड़ांवाली पर पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।





वहीं, संदीप वर्मा पुत्र बनवारीलाल, निवासी 4 एसटीबी, जाखड़ांवाली पर भी पुलिस अधीक्षक की ओर से 2 हजार रुपए का इनाम जारी किया गया है। सूचना संबंधित पुलिस थाना पीलीबंगा 01508 233013 या जिला पुलिस को दी जा सकती है।

## फेफाना में 3.44 करोड़ का नया पुलिस थाना भवन बनकर तैयार, शीघ्र शिफ्टिंग की तैयारी



**सीमा सन्देश # चारणवासी।** लंबे समय से प्रतीक्षित फेफाना पुलिस थाना के नए भव्य भवन का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा फेफाना पुलिस चौकी को थाने के रूप में पदोन्नत किया गया था। गांव से माधोसिंघाना रोड पर स्थित पुरानी सिंचाई कॉलोनी में नए पुलिस थाना भवन के लिए भूमि आवंटित की गई। जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से थाना भवन निर्माण हेतु 3 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था। टेंडर प्रक्रिया और अनुबंध निर्धारण के बाद 10 अक्टूबर 2023 से नए भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। तय सीमा से लगभग एक वर्ष से अधिक का अतिरिक्त समय बीत जाने के बाद भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में नए थाना भवन का आकर्षक रंग-रोगन हो चुका है, फर्श पूरी तरह तैयार है तथा बिजली और पानी की आवश्यक फिटिंग का कार्य भी संपन्न हो चुका है। ट्रांसफार्मर भी स्थापित कर दिया गया है। फिलहाल मौके पर केवल पुलिसकर्मियों के वाहनों को खड़ा करने के लिए शेड तथा मुख्य प्रवेश द्वार के रैंप का निर्माण कार्य जारी है।

## मेहंदी से दिया जागरूकता का संदेश



**सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के तत्वावधान में हनुमानगढ़ जिले में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की बैठकों के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें राजीविका से जुड़ी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मतदान जागरूकता संबंधी पोस्टर तैयार किए। वहीं, रंगोली और मेहंदी के माध्यम से भी मताधिकार के महत्व को दर्शाया।

## पीलीबंगा व्यापार मंडल चुनाव: 28 अक्टूबर को होगा मतदान

**सीमा सन्देश # पीलीबंगा।** व्यापार मंडल पीलीबंगा, शिक्षण समिति एवं श्री गौशाला सेवा समिति की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। व्यापार मंडल चुनाव 2026 के लिए निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव में 327 व्यापारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. अनिल जिंदल एवं नौरंगलाल शर्मा ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी। मतदाता सूची के अनुसार 327 व्यापारी मतदान में भाग लेकर व्यापार मंडल, पीलीबंगा शिक्षण समिति एवं श्री गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव व कोषाध्यक्ष का निर्वाचन करेंगे।

**19 और 20 को होंगे नामांकन :** निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 19 एवं 20 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक व्यापार मंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 21 को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन जमा करवाने का अवसर रहेगा। इसी दिन शाम 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच कर प्रत्याशियों के नाम व्यापार मंडल के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिए जाएंगे। 22 को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

**28 को मतदान, उसी दिन आएगा परिणाम :** निर्वाचन अधिकारी के अनुसार आवश्यकता होने पर 28 अक्टूबर को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

**एक पद पर एक ही नामांकन मान्य :** चुनाव प्रक्रिया के तहत एक सदस्य केवल एक पद के लिए ही नामांकन दाखिल कर सकेगा। नामांकन पत्र पर एक प्रस्तावक और एक समर्थक के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। प्रस्तावक एवं समर्थक उसी पद के प्रत्याशी के लिए पात्र होने चाहिए। प्रत्याशियों को नामांकन पत्र में मतदाता सूची का क्रमांक भी अंकित करना होगा।

## डांडिया की थाप पर झूम उठा नोहर, एपेक्स क्लब की महफिल में बिखरे उल्लास के रंग



**सीमा सन्देश # नोहर।** जाट भवन में एपेक्स क्लब नोहर की ओर से आयोजित डांडिया नाइट-2026 उत्साह, उमंग और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुई। संगीत की मधुर धुनों और डांडिया की खनक के बीच महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में एपेक्स इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र बैद, लाइफ मेंबर रेणु सोंधी, लेडीज एपेक्स क्लब हनुमानगढ़ की अध्यक्ष सुषमा बैद मुख्य अतिथि व विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और उद्यमियों सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। एपेक्स क्लब अध्यक्ष अनुज खदरिया ने कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। उन्होंने भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजन जारी रखने की बात कही। मंच संचालन वसुंधरा जोशी ने किया। इस अवसर पर एपेक्स क्लब की ओर से वसुंधरा जोशी का सम्मान भी किया गया।

**कार्यक्रम** ● दुर्गा पूजा, रामोत्सव संग गरबा नाइट में टीवी कलाकार करेंगे शिरकत

## नोहर में दो दिवसीय दशहरा महोत्सव की तैयारियां तेज

**सीमा सन्देश # नोहर।** नगरपालिका नोहर की ओर से आयोजित होने वाले दो दिवसीय दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एवं पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरूनिशा टाक की अध्यक्षता में महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के आयोजन, व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर चर्चा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में उपखंड अधिकारी सुनीता यादव, एसपी गीता चौधरी, पालिका अधिकारी हंसा गुर्जर सहित विभिन्न महिला संगठनों की पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहीं। बैठक में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मेहरूनिशा टाक ने बताया कि 19 अक्टूबर को शाम 6 बजे दुर्गा पूजा के साथ दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद शाम 7 बजे रामोत्सव संग गरबा नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में टीवी कलाकार भी शिरकत करेंगे। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है।



**20 अक्टूबर को होगा रावण दहन :** दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन 20 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों का दहन किया जाएगा। आयोजन के तहत दोपहर 3 बजे पारीक धर्मशाला से रामलीला के कलाकारों द्वारा राम-रावण युद्ध पर आधारित झांकी निकाली जाएगी। यह झांकी शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए स्थानीय बिहाणी स्टेडियम पहुंचेगी।

**कमेटियां बनाकर सौंपी जिम्मेदारियां :** महोत्सव की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है। इन कमेटियों को कार्यक्रम की तैयारियों और आयोजन से जुड़ी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नगरपालिका की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दशहरा आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का भी विमोचन किया गया। दो दिवसीय महोत्सव में दुर्गा पूजा, रामोत्सव, गरबा नाइट, राम-रावण युद्ध की झांकी और रावण दहन मुख्य आकर्षण रहेंगे।

## अंबिका कॉलेज में एक्सिस बैंक के सहायक प्रबंधक पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



**सीमा सन्देश # पल्लू।** अंबिका महाविद्यालय, पल्लू में एनआईआईटी प्लेसमेंट ड्राइव एवं महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण एवं वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक्सिस बैंक में सहायक प्रबंधक पद हेतु साक्षात्कार आयोजित किए गए। 17 विद्यार्थियों का आगामी चरण के लिए चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एनआईआईटी प्रतिनिधि सुहासा ने चयनित विद्यार्थियों को आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया भी संपन्न करवाई। महाविद्यालय के निदेशक देवकीनंदन जोशी एवं प्राचार्य डॉ. साहब राम कुमावत ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं। इस दौरान राजेश जोशी, विकास कुमार, बीरबल, संतोष, प्रदीप, भगवानराम, भूप सिंह, मुकेश कुमार, उषा, रमेश कुमार, भूप सिंह चौहान सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# दीपावली के मद्देनजर मुख्य बाजार में आगजनी की मॉकड्रिल, 4 मिनट में पहुंची कई विभागों की टीमें

**सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर**



दीपावली पर्व के मद्देनजर शनिवार को शहर के मुख्य बाजार में आगजनी की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बाजार में दीपावली के दौरान होने वाली भारी भीड़ और पटाखों की बिक्री को देखते हुए विभिन्न विभागों की सतर्कता, आपसी समन्वय और आपातकालीन तैयारियों का जायजा लेना था। एसडीएम साक्षी पुरी ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन, चिकित्सा, पुलिस सहित विभिन्न विभागों की प्रतिक्रिया और राहत एवं बचाव कार्यों की तत्परता जांची गई। सभी विभागों का औसत रिस्पॉन्स टाइम लगभग चार मिनट रहा। संबंधित विभागों के कार्मिकों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए। इस दौरान नगरपालिका के ईओ संजू चौधरी, नायब तहसीलदार महावीर प्रसाद शर्मा, पुलिस थाना अधिकारी इमरान खान, पीडब्ल्यूडी के एईएन विजयपाल तथा पीएचईडी के एईएन रोहित जाखड़, जेईएन सतपाल सिंह राठौड़ सहित नगरपालिका, चिकित्सा एवं अन्य विभागों के कार्मिक मौजूद रहे। एसडीएम पुरी ने पालिका ईओ और थानाधिकारी को दीपावली पर्व के दौरान मुख्य बाजार में भीड़ को देखते हुए आपसी समन्वय से सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्री अरोड़वंश गुरुद्वारा में प्रकाशपर्व को लेकर शब्द कीर्तन प्रारंभ



**सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर**

साहिब श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर यहां श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति की संगतों में उत्साह है। संगतों द्वारा प्रातः 5 बजे से गुरुद्वारा साहिब में शब्द - कीर्तन करने का क्रम शुरू कर दिया गया। गुरुद्वारा साहिब के सचिव सत्येंद्र सलुजा ने बताया कि इस माह में अनेक पावन पर्व आ रहे हैं जिनसे हम अपार खुशियों की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसी पवित्र कार्तिक मास में 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व है। 23 अक्टूबर को संत बाबा बुढ्ढा जी का प्रकाश दिहाड़ा है और 8 नवंबर को 14 वर्ष का बनवास पूरा कर श्रीराम जी के आने का शुभ दिन दीपावली पर्व है। श्रीगुरु नानक जयंती पर 18 अक्टूबर से रोजाना प्रातः काल शब्द कीर्तन के उपरांत चाय के लंगर का वितरण किया जाएगा। उसके बाद प्रातःकालीन प्रभात फेरियों का भी आयोजन किया जाएगा। श्री गुरु नानकदेव जी का गुरुपर्व 24 नवंबर को मनाया जाएगा।

## खाजूवाला: डॉ. रामस्वरूप ज्याणी का सहायक आचार्य पद पर चयन



**सीमा सन्देश # खाजूवाला**

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य अस्थि रोग विभाग के पद पर डॉ. रामस्वरूप ज्याणी का चयन हुआ है। डॉ. ज्याणी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, तमिलनाडु से एमबीबीएस तथा सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, बीकानेर से अस्थि रोग विषय में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। वर्तमान में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े रहते हुए उन्होंने पूगल जैसे ग्रामीण एवं सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र में मरीजों के उपचार, अस्थि रोग संबंधी चिकित्सा सेवाओं तथा अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने के दौरान प्राप्त उनके अनुभव ने उन्हें चिकित्सा सेवा की व्यावहारिक चुनौतियों और आमजन की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को करीब से समझने का अवसर दिया। डॉ. ज्याणी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग तथा मित्रों एवं शुभचिंतकों के स्नेह को दिया। उन्होंने अपने दिवंगत पिता एवं मामाजी को अपनी प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत बताते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, चिकित्सा क्षेत्र के सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दी ।

## ग्राम पंचायत 5 बीबीए में सरपंच चुनाव की सरगर्मियां तेज

**सीमा सन्देश # बालाराजपुरा**



पदमपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चक 5 बीबीए में सरपंच चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह सीट महिला के लिए आरक्षित है। दावेदार कह रहे हैं कि यदि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो ग्राम पंचायत का चहुंमुखी विकास करवाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के दावे भी किये जा रहे हैं। गांव 1 बीबीए, 2 बीबीए, 3 बीबीए, 4 बीबीए, 5 बीबीए, 32 बीबी और 33 बीबी सहित आसपास के क्षेत्रों के सुगबुगाहट नजर आ रही है। वर्ष 1947 से चक 1 बीबीए में निवास करने वाली रमाणा परिवार के डिप्टीसिंह रमाणा की धर्मपत्नी हरविन्द्रकौर सरपंच पद के लिए चुनाव मैदान में सक्रिय हैं। डिप्टी सिंह रमाणा पूर्व में 32 बीबी ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रहे चुके हैं। ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव को लेकर ग्रामीणों के बीच चचाएं तेज हैं।

## श्रीकरणपुर: जूडो प्रशिक्षण कैम्प में 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया



**सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर**

70वीं राष्ट्रीय 14 वर्षीय जूडो छात्र-छात्रा दो दिवसीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर 2026-27 का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 12 एफए में संपन्न हुआ। विभिन्न जिलों से 28 जूडो खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। प्रशिक्षण में चयनित हुए जूडो खिलाड़ी 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण शिविर के उपरांत 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक 70वीं राष्ट्रीय 14 वर्षीय जूडो छात्र/छात्रा प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने दिल्ली जाएंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु छात्रा वर्ग में कल्पना चूरू 23 किग्रा, रक्षिता राजावत टाक 27 किग्रा, लक्ष्मी हनुमानगढ़ 32 किग्रा, कनिष्का कंवर टाक 36 किग्रा, कुवीरा सेन उदयपुर 40 किग्रा, प्रिया सैनी 44 किग्रा व भावना बिश्नोई भीलवाड़ा +44 किग्रा व छात्र वर्ग में रणजीत चूरू 25 किग्रा, अमित श्रीगंगानगर 30 किग्रा, गर्वित सुमन कोटा 35 किग्रा, अजीत माधीवाल 40 किग्रा, धर्मेश आचार्य भीलवाड़ा 45 किग्रा, फैजान खान ब्यावर 50 किग्रा, हरिकिशन बीकानेर +50 किग्रा का चयन किया गया। निदेशालय बीकानेर से प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक एवं मैनेजर सुशील सेन उदयपुर, गणेश कुमार लोधा राजसमन्द, देशराज श्रीगंगानगर, सरिता चूरू व सुनन्दा उदयपुर द्वारा सम्पन्न करवाया गया। अरूण कुमार, बृजमोहन, रणजीत सिंह, चरणदास, रश्वेबग सिंह शारीरिक शिक्षक व सतीश कु?मार श्रीगंगानगर ने प्रतियोगिता के अन्य कार्यों में सहयोग किया। इस प्रतियोगिता के चीफ-डे-मिशन राजेश कुमार मीना, प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 12 एफए रहेंगे।

## एसजीएन खालसा कॉलेज का बीए चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम शानदार

**सीमा सन्देश # अनूपगढ़।** एसजीएन खालसा पीजी महाविद्यालय का चतुर्थ



सेमेस्टर जून 2026 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से घोषित परिणाम में संजय पुत्री सुरेंद्र कुमार ने 77.60 % अंक प्राप्त कर प्रथम, रोहन आचार्य सिंह पुत्र राजकुमार 76.80% अंकों के साथ दूसरे और पूनम कुमारी पुत्री विजय दास 76.20% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. शेखावत, कॉलेज प्रबंध समिति संरक्षक स्वर्ण सिंह, अध्यक्ष बाघसिंह मल्ली, उपाध्यक्ष जसविंद्र सिंह, सचिव मलकियत सिंह गिल और कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने उपप्राचार्य डॉ. सुमन देवी, कमलदीप, सहायक आचार्य त्रिलोकराम, सुनीता शर्मा, हरप्रीत कौर, सुमन पारीक, दीपिका सैनी, बलराम, अभिषेक यादव, सुभाष चंद्र, कार्यालय प्रभारी केशव बंसल, एलडीसी शिवराज सिंह तथा कर्मचारी गुड्डी देवी, राज कौर और राजेंद्र सिंह सहित विद्यार्थियों को भी शुभकामनाएं दी।

## बरसात के बाद डेंगू-मलेरिया की रोकथाम को सादुलशहर में फॉगिंग अभियान शुरू

**सीमा सन्देश # सादुलशहर**



बरसात के बाद बढ़े मच्छरों के प्रकोप और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगरपालिका सादुलशहर ने शुक्रवार रात डेंगू मुक्त अभियान के तहत विशेष फॉगिंग अभियान की शुरूआत की। नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड़ ने फॉगिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्रदीप खीचड़ ने कहा कि बारिश के बाद जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ी है। इसे देखते हुए नगरपालिका द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर फॉगिंग करवाई जा रही है। अभियान के प्रथम चरण में मुख्य बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और निचली बस्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके बाद शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाकर मच्छरों के प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया की रोकथाम केवल नगरपालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आमजन की जागरूकता और सहभागिता भी बेहद जरूरी है। नगरपालिका की ओर से फॉगिंग अभियान को लगातार जारी रखते हुए शहर के सभी वार्डों को कवर किया जाएगा। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि स्वरूप जांगू भी मौजूद थे।

## महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

**सीमा सन्देश # अनूपगढ़**



सेठ बिहारी लाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों के तहत शनिवार को रस्साकसी, क्रिकेट तथा 100 और 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं हुई।
रस्साकसी प्रतियोगिता में द लायन क्लब और क्रिकेट प्रतियोगिता में गावस्कर क्लब विजयी बने। छात्र वर्ग दौड़ 100 मीटर में कुणाल चौधरी पहले, सुरेंद्र वर्मा दूसरे तथा अंकित तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 200 मीटर में देवेंद्र ने प्रथम, सुरेंद्र वर्मा ने द्वितीय तथा अंकित ने तृतीय स्थान पाया। दौड़ छात्रा वर्ग में 100 मीटर में खुशमनदीप कौर प्रथम, दामिनी द्वितीय तथा महिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में दामिनी प्रथम, खुशमनदीप कौर द्वितीय तथा महिमा तृतीय रही। महाविद्यालय के खेल प्रभारी एवं सहायक आचार्य (भूगोल) राजपाल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सादुलशहर: मां भगवती का जागरण संपन्न

**सादुलशहर।** वार्ड नंबर 3-4 में मां चिंतपूर्णी सेवा समिति के तत्वावधान में मां भगवती का जागरण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया।



जागरण में देर रात तक माता रानी के भजनों की रसधार बहती रही और श्रद्धालु जयकारों के बीच भक्ति में झूमते नजर आए। जागरण स्थल को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक विद्युत रोशनी एवं भव्य सजावट से सजाया गया था। मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। समिति सदस्यों रवि यादव एवं जगतार सिंह सग्गू सहित अन्य सदस्यों ने प्रदीप खीचड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप सिंगला तथा नगरपालिका उपाध्यक्ष अशोक धमीजा का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। समिति अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ भगवती का जागरण आयोजित किया गया।

## नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम

**सादुलशहर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. पूनम दत्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, आत्मरक्षा एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना था। प्रो. देवेंद्र ने नशा एक अभिशाप विषय पर व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया। महिला कांस्टेबल एवं प्रशिक्षक भगवती ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स एवं व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करने के उपाय बताए। इसके बाद सेवानिवृत्त पीटीआई श्री परमजीत के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी दी गई तथा नियमित योगाभ्यास के महत्व से अवगत कराया गया।

## विद्यार्थियों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**सीमा सन्देश# पदमपुर**



शिवालिक शिवालिक चिल्ड्रन एकेडमी 25 बीबी के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र पदमपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य सुनीता बिश्नोई के मार्गदर्शन पर विद्यार्थियों ने केंद्र में संचालित बकरी फार्म ,अजोला यूनिट, वर्मी कंपोस्ट, यूनिट और किचन गार्डनिंग का अध्ययन किया। बच्चों ने वार्मिंग कंपोस्ट बनाने की पूरी तकनीक वहां के विशेषज्ञों से सीखी और किचन गार्डनिंग में किन-किन वस्तुओं का प्रयोग होता है उनकी जानकारी प्राप्त किया। बच्चों ने एजोला यूनिट और बकरी पालन फॉर्म हाउस इकाई की पूरी जानकारी विशेषज्ञ द्वारा दी गई। बच्चों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विचारों को सांझा किया। एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के प्रवक्ता शुभम चावला के नेतृत्व में बच्चों ने कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया ।

**आयोजन** रामलीला में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन

## शूर्पणखा नाक काटने का दृश्य बना आकर्षण का केंद्र

**सीमा सन्देश # पदमपुर**



नगर पालिका में श्री रामा नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में बीति रात लक्ष्मण ने सूर्पनखा का नाक काटने के बाद रावण ने छल कपट से सीता हरण का प्रदर्शित दृश्य सैकेड़ो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। शूर्पणखा की भूमिका में रोहित ने अद्भुत नृत्य प्रस्तुतीकरण और लक्ष्मण द्वारा नाक काटने का दृश्य प्रभावित करने वाला रहा । रामलीला मंचन में मार्ग में पक्षीराज जटायु ने रावण को रोकने का प्रयास किया और उससे भयंकर युद्ध किया, लेकिन रावण ने उनके पंख काट दिए। रामायण के अनुसार, सीता हरण का दृश्य भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान दंडकारण्य के नामक स्थान का है। ललित हरवानी (रावण), चिरंजीवी गुप्ता (श्रीराम) तुषार खुराना, रोहित, यश मदान (सूर्पनखा), विनोद गोड, संजय गेरा ( खर- दूषण ) अंकुर जसूजा , रोहित जोशी, विकास जोशी, बबलू अरोड़ा, ललित तनेजा कान्हा हरवानी, आदि उपस्थित थे।

## रामलीला में बाली वध का मंचन, सुग्रीव-बाली युद्ध बना आकर्षण



**सीमा सन्देश # गजसिंहपुर।** श्री महावीर ड्रामेटिक क्लब गजसिंहपुर द्वारा आयोजित श्री रामलीला में भगवान श्रीराम के सीता वियोग, जटायु के प्राण त्याग, शबरी की अनन्य भक्ति, राम-हनुमान मिलन तथा सुग्रीव-बाली युद्ध सहित बाली वध के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष हरजीत मिगलानी, पवनजोत सिंह हुंदल, पदमपुर से खुशवंत सिंह गिल तथा पटाखा व्यवसायी भारत भूषण उपस्थित रहे। सीता के वियोग में श्रीराम के विलाप और व्याकुलता को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। शबरी की भक्ति, श्रद्धा और समर्पण का सुंदर मंचन किया गया। सुग्रीव और बाली के बीच हुए युद्ध का रोमांचक मंचन किया गया। लीला में भगवान श्रीराम की भूमिका बालकिशन गिरधर, लक्ष्मण की दिनेश शर्मा, माता सीता की रणवीर, बाली की ललित काठपाल, सुग्रीव की छगन व्यास, अंगद की तन्मय वधवा, तारा की शिवचरण, हनुमान जी की संजय जुनेजा तथा शबरी की भूमिका सतीश वधवा ने निभाई।

## श्रीविजयनगर : रामलीला में सीता हरण का प्रभावशाली मंचन, दर्शक हुए भावुक



**सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर।** डीके फैक्टरी स्थित निर्मल विजया रेजीडेंसी में श्री महावीर रामलीला युवा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में सीता हरण प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। स्वर्ण मृग, लक्ष्मण रेखा, रावण द्वारा माता सीता का हरण, जटायु-रावण युद्ध और माता सीता के वियोग में भगवान श्रीराम के विलाप के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय और संवाद अदायगी की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस मौके पर क्लब संरक्षक प्रीतू गाबा,अध्यक्ष मदन चुघ, डायरेक्टर सुशील अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष कुमार लड्ढ व दीपक अनेजा, महासचिव शिव लखोटिया, सचिव उमेश कच्छावा, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, सीनरी डायरेक्टर शिव भगवान भाटी, संगठन मंत्री लक्ष्मी चंद कटारिया व हरीश शर्मा, प्रचार प्रमुख जतिन सोनी, मंच संचालक बीएम शर्मा, मेकअप कलाकार मुकेश कुमार व जीत पेंटर, अवतार संधू व लालजी चौहान, सोनू सैन विभिन्न व्यवस्था संभाल रहे हैं। अरमान चौधरी सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## बर्थ-डे सेलिब्रेशन



**अनूपगढ़।** गुरजस सिंह के जन्मदिन पर माता-पिता कमलजीत कौर-गुरविंदर सिंह, दादा-दादी, नाना-नानी, चाचा-चाची, भाई-बहन एवं परिवारजनों की तरफ से बधाई।

## सालगिरह



**पक्काभादवां।** नेतराम-ज्योति की शादी की दूसरी सालगिरह पर पिता-माता रामलाल-विद्या देवी, भाई-भाभी मोहनलाल-पूनम, पृथ्वीराज भादू-पुष्पा देवी, भाई सुनीत कुमार, बेटी रूही चालिया की बधाई।

## सूरतगढ़: आज 3 घंटे बिजली बंद रहेगी

**सूरतगढ़।** शहर में आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते रविवार सुबह साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम के सहायक अभियंता वरुण भुवांल के अनुसार 11 केवी मंडी फीडर से जुड़े मिनी मार्केट, चरण सिंह चौक, राठी स्कूल, गोयल चौक और भगत सिंह चौक के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इसी प्रकार स्टेडियम जीएसएस के शक्ति नगर फीडर से जुड़े शक्ति नगर कॉलोनी, सूर्या स्कूल, वार्ड नंबर 2 स्थित गुरुद्वारा, ज्ञान मंदिर स्कूल, रामनाथ कुटिया, के आसपास के क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

## शोक समाचार

### महेन्द्रकौर भुल्लर का स्वर्गवास



**श्रीकरणपुर।** ग्राम पंचायत मुख्यालय 10 ओ तेजेवाला निवासी करनैलसिंह भुल्लर, स्व. चरण सिंह भुल्लर, स्व. कर्मसिंह की माता सरदारनी महेन्द्रकौर धर्मपत्नी स्व. जगीरसिंह भुल्लर का विगत दिवस स्वर्गवास हो गया। हिम्मत सिंह, जोबन सिंह व निर्मल सिंह भुल्लर की दादी महेंद्र कौर की अंतिम यात्रा में रिश्तेदारों सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।

**पदमपुर।** प्रसिद्ध भजन गायक ज्योति प्रिंस की माता दर्शन देवी



अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के चरणों में लीन हो गई। श्री रामा नाटक क्लब, श्री चानणा धाम प्रबंध समिति सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।


Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

## NAME CHANGED

■ मैंने अपना नाम सुमन देवी से बदलकर सुमन रख लिया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जावे। - सुमन पत्नी श्री प्रदीप कुमार जाति जाट निवासी वार्ड नं. 01, लालगढ़ जाटान, तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर राजस्थान

---

■ I am Gurdeep Kaur, wife of Malkeet Singh, by caste Jat Sikh, resident of Village Chak 36 BB, Post Office 35 BB, Tehsil Padampur, District Sri Ganganagar. After marriage with my son Parvinder Singh Maan, my daughter-in-law has changed her name from Harvinderpal Kaur to Harvinderpal Kaur Maan. Therefore, she should be known and recognized by this name.

---

■ I Have Changed My Name PREM LATA to PREM LATA SINGLA W/O Surendra kumar R/O F- 32/33 , Pirkhana Road , Shankar Nagar Colony , Hanumangarh Jn. Tehsil & Distt Hanumangarh So Please Note all Concern

---

■ I have changed my name from Anubhavi Goyal to ANANYA D/o Rajnish Goyal, resident of Old Grain Market, Sangaria, Please note all concern

---

■ I am Gurdeep Kaur, wife of Malkeet Singh, by caste Jat Sikh, resident of Village Chak 36 BB, Post Office 35 BB, Tehsil Padampur, District Sri Ganganagar. My grandson wants to record his name as "ADAB SINGH MAAN" in place of "ADAB MAAN". Therefore, my grandson should henceforth be known and recognized by the name "ADAB SINGH MAAN".

## आवश्यकता

■ एक वृद्ध व्यक्ति की देखभाल के लिए (जो बैड पर है।) केयर टेकर की आवश्यकता है। उम्र 25 से 50 वर्ष तक, खाना-पीना, रहना, साथ में आकर्षक वेतन। मो. 94615-60156, 98140-35375

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

## ग्लोबल न्यूज

### ट्रंप ने मीडिया के सामने पति को 'माय प्रेसिडेंट हस्बैंड' कहने वालीं अपनी प्रेस सचिव को पद से हटाया



दो अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी प्रेस सेक्रेटरी केटी जकारिया को पद संभालने के एक हफ्ते से भी कम समय में बर्खास्त कर दिया है। 15 मिनट से भी कम में पहली प्रेस ब्रीफिंग निपटाने वाली केटी कड़ी आलोचना झेल रही थीं। केटी ने ब्रीफिंग में गलती से पति को 'माय प्रेसिडेंट' कह दिया था।

### लगातार 5वें सप्ताह धड़ाम हुआ फोरेक्स रिजर्व, $8.5 बिलियन घटकर $726 बिलियन पर आयाा



भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में $8.5 बिलियन घटकर $726.0 बिलियन रह गया। इस दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां $7.14 बिलियन घटकर $597.6 बिलियन हो गई जबकि स्वर्ण भंडार का मूल्य $1.3 बिलियन घटकर $105.0 बिलियन पर आ गया है। यह लगातार 5वां सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई।

### गूगल ने बढ़ाया अपने अलर्ट सिस्टम दायरा; अब 200 से ज्यादा देशों में मिलेगा भूकंप अलर्ट




गूगल ने अपने भूकंप-अलर्ट सिस्टम का दायरा 98 देशों से बढ़ाकर 200 से ज्यादा देशों तक करने का ऐलान किया है। बकौल कंपनी, 2021 में शुरू हुई इस सेवा के जरिए अबतक 1 अरब से ज्यादा अलर्ट भेजे जा चुके हैं। आने वाले महीनों में अलर्ट में प्रभावित क्षेत्र का नक्शा, अनुमानित तीव्रता और बचाव के तरीके भी दिखाए जाएंगे।

### पाकिस्तान की राजधानी में अखबारों का बाजार सील, पत्रकार ने कहा- पाक मीडिया पहले ही मर रहा है



इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में अखबारों का बाजार सील कर दिया गया है। पत्रकार हामिद मीर ने कहा, पाकिस्तानी मीडिया पहले ही मर रहा है। सेंसरशिप के चलते अखबारों की बिक्री घट रही है...मीडिया के लिए मेसेज साफ है- बोरिया-बिस्तर समेटकर दूसरा काम शुरू करें। 'ऑल पाकिस्तान अखबार फरोश फेडरेशन' के महासचिव ने कहा, यह देश के इतिहास का दुखद दिन है।

### एअर इंडिया ने 24 अक्टूबर तक रद्द की सऊदी अरब की सभी उड़ानें




एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने सऊदी अरब के जेद्दा, रियाद और दम्माम के लिए सभी उड़ानें 24-अक्टूबर तक अस्थायी रूप से रद्द कर दी हैं। यह फैसला सऊदी अरब और हूती विद्रोहियों के बीच बढ़ते सैन्य तनाव-सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया गया है। यात्रियों को 100% रिफंड/बिना शुल्क यात्रा तारीख बदलने का विकल्प दिया गया है।

### स्पाइडर-मैन के 'गोब्लिन ग्लाइडर' से प्रेरित होकर चीनी शख्स ने बनाया उड़ने वाला स्केटबोर्ड



चीनी टेक ब्लॉगर 'अमेज़िंग आयू' ने स्पाइडर-मैन के 'गोब्लिन ग्लाइडर' से प्रेरित होकर उड़ने वाला स्केटबोर्ड बनाया है। शुरूआती जेट इंजन के परीक्षण में आग लगने के बाद उन्होंने इसमें 10-इलेक्ट्रिक रोटर लगाए जो 660 पाउंड+ ताकत पैदा कर सकते हैं। उड़ान के आंकड़ों पर नजर रखने और उड़ने की ट्रेनिंग में मदद के लिए इसमें अक असिस्टेंट भी है।

### कीमत के चलते आईफोन17 से लोगों ने मोड़ा मुंह, प्रो मॉडल्स का बढ़ा दबदबा



भारत में कीमत बढ़ने के बाद स्टैंडर्ड आईफोन 17 की मांग कमजोर हुई है जिसके चलते एप्पल ने भारत में इसका उत्पादन घटाने का फैसला किया है। आईफोन 17 की कीमत 20.5% बढ़कर 99,900 हो गई है। वहीं, आईफोन 17 प्रो और आईफोन18 प्रो की मांग मजबूत बनी हुई है। प्रो मॉडल्स की हिस्सेदारी 20% तक पहुंचने का अनुमान है।




तंजानिया के विश्व प्रसिद्ध सेरेनगेटी-मारा ईकोसिस्टम में अफ्रीकी बुश हाथियों की संख्या बढ़कर करीब 7,500 से अधिक हो गई है। अकेले सेरेनगेटी नेशनल पार्क के मुख्य दायरे में ही 4,000 से 5,000 हाथी सुरक्षित विचरण कर रहे हैं। वन विभाग के कड़े एंटी-पोचिंग अभियानों और आधुनिक निगरानी तंत्र की बदौलत अवैध शिकार पर प्रभावी रोक लगी है। इस निरंतर वृद्धि से अफ्रीकी सवाना के पारिस्थितिकी तंत्र को नई मजबूती मिली है और वैश्विक वन्यजीव पर्यटन भी तेजी से बढ़ा है।

## जैक मैक्गार्क ने 14 गेंदों में ठोकी फिफ्टी



ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज जैक फ्रेजर-मैक्गार्क ने शनिवार को इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। जैक ने सिर्फ 14 गेंदों में फिफ्टी लगाकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज पचासा लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जैक ने क्वींसलैंड के खिलाफ 63 गेंदों में 122 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज अर्धशतक भी ठोका। मगर वो वैभव सूर्यवंशी के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए।

### वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके

जैक ने तो अपने बल्ले से कोहराम मचा दिया। मगर वो लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। वैभव ने इसी साल दांबुला में श्रीलंका ए के खिलाफ इंडिया ए के लिए खेलते हुए सिर्फ 11 गेंदों में अर्धशतक ठोककर इतिहास का पन्ना ही बदल दिया था।

# भारत-वेस्टइंडीज पांचवां टी20 बारिश के कारण रद्द

**सीरीज 2-2 से बराबर; 4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया, 9.15 बजे शुरू हुआ मैच 7.4 ओवर बाद ही रूका**



**बेंगलुरु।**

बारिश की वजह से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 रद्द हो गया है। इसी के साथ सीरीज 2-2 से बराबर हो गई। भारत 4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सका। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2022 में 5 मैचों की सीरीज 2-2 ड्रॉ कराई थी।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से 6:30 बजे होने वाला टॉस ढाई घंटे लेट 9 बजे हुआ। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मैच 9-9 ओवर का किया गया। भारत ने 7.4 ओवर में बल्लेबाजी की। टीम ने 5 विकेट खोकर 118 रन बनाए। इसके बाद बारिश आ गई और मैच रद्द करना पड़ा। ईशान किशन ने 10 बॉल पर 30 रन बनाए। नमन धीर 6 बॉल 24 रन बनाकर नाबाद रहे।

### प्रमोद और सिमरन ध्वजवाहक होंगे, भवीना पटेल को आराम दिया

**नागोया (वार्ता)** प्रमोद भगत और सिमरन शर्मा ध्वजवाहक की भूमिका निभाएंगे। भवीना पटेल की जगह सिमरन शर्मा को शामिल किया गया है, क्योंकि 19 अक्टूबर को होने वाले क्वार्टर-फाइनल मैच से पहले भवीना के आराम और रिकवरी को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। रविवार को होने वाले उद्घाटन समारोह में व्हीलचेयर एथलीट भवीना को अपने अहम क्वार्टर-फाइनल मैच से पहले आराम करने और तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए यह फैसला लिया गया। आयोजन स्थल तक आने-जाने में लगभग छह घंटे का समय लगता है, जो शारीरिक रूप से काफी थका देने वाला हो सकता है। इससे मैच से पहले उन्हें रिकवर होने के लिए बहुत कम समय मिल पाता।

### कृष्णा नागर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जोशी-तुलसिमथी ने पदक किया पक्का



**नयी दिल्ली (वार्ता)** मानसी जोशी और तुलसिमथी मुरुगेसन ने शनिवार को आइची-नागोया में चीन की युमेई लियू और टोंगटोंग ली को हराकर महिला युगल एसएल 3-एसयू5 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उन्होंने एशियन पैरा गेम्स में लगातार दूसरी बार भारत के लिए बैडमिंटन में पदक पक्का कर लिया है। वाली भारतीय जोड़ी ने 21-10, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही, एक मैच बाकी रहते हुए उन्होंने ग्रुप ए में टॉप-2 में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। सेमीफाइनल में हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है।

### झांग-रादित्या ने जीते खिताब

**काहिरा (मिस्र)।** चीन की झांग यिक्सिन ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल और इंडोनेशिया के रादित्या बायु वर्धना ने पुरुष एकल वर्ग के खिताब अपने नाम किये। आज यहां खेले गये मुकाबले में झांग जो कि दुनिया के शीर्ष 100 जूनियर खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थीं। उन्होंने शीर्ष वरीयता प्राप्त मात्सुमोतो साकी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए खिताब अपने नाम किया।

## डेनमार्क की उम्मीद एंडर्स एंटोनसन सेमीफाइनल में



**कोपेनहेगन (वार्ता)** पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कनाडा के विक्टर लाई द्वारा डेनमार्क के राससस गेम्के को बाहर कर दिए जाने के बाद, दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसन अब डेनमार्क ओपन 2026 में खिताब की दौड़ में बचे एकमात्र डेनिश खिलाड़ी हैं।

ओडेंस के एरिना फिन में कोर्ट नंबर 1 पर इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ खेलते हुए, घरेलू दर्शकों के चहेते एंटोनसन ने अपनी साख के अनुरूप प्रदर्शन किया। उन्होंने 21-17, 21-16 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की और शुक्रवार (16 अक्टूबर) को एक घंटे से भी कम समय में सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### मेदवेदेव ने पॉल को हराकर शंघाई के सेमीफाइनल में जगह बनाई



**शंघाई (वार्ता)** पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को तीसरी बार रोलेक्स शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुँचे, जिससे 'निटो एटीपी फाइनल्स' के लिए उनके क्वालीफाई करने की संभावना और मजबूत हो गई है। टॉमी पॉल के खिलाफ एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में, मेदवेदेव ने मैच के बीच में आई गिरावट से उबरते हुए तीसरे सेट में अपना फोकस और खेल का स्तर बेहतर किया। उन्होंने दो घंटे नौ मिनट में 6-3, 1-6, 6-3 से जीत दर्ज की। पांचवीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण निर्णायक सेट में पॉल को कड़ी टक्कर दी। बेसलाइन पर लंबे और थका देने वाले रैलियों में वे अक्सर पॉल पर भारी पड़े।

# अधर्म की लंका में सतीत्व का तेजः मंदोदरी और सुलोचना

**नवरात्र शृंखला-9**





लंका की बात चली ही है, तो दो और महान नारियों- रावण की पटरानी मंदोदरी, और पुत्रवधु सुलोचना के चरण स्पर्श किए बिना लंका से बाहर आना उचित नहीं. परन्तु दोनों के प्रसंग विस्तार अतीत से जुड़ते हैं.

मयासुर नामक दैत्य, संतान प्राप्ति के लिए अपनी पत्नी हेमा के साथ शिव की तपस्या कर रहा था. तप का फल मिला और एक मेढकी, बहुत सुन्दर कन्या रूप में बदल गई, जिसे मयासुर ने मंदोदरी के नाम से गोद ले लिया. यह मंदोदरी पूर्व जन्म में मधुरा नामक एक अप्सरा थीं. उन्हें अपने कमनीयता पर अत्यधिक अभिमान था. इसी मद में चूर, भ्रष्ट बुद्धि मधुरा, महादेव को मोहित करने चलीं. कैलाश में स्वच्छंद होकर, नृत्य और कामुक प्रयास करती रही. उसके इस क्रियाकलाप के पूर्ण होने से पहले ही, माता गौरा वापस कैलाश पहुंची, जो संयोगवश कहीं गई हुई थीं. मधुरा को इस स्थिति में देखते ही क्रोधित माता ने श्राप दिया - तुम्हारा इतना दुस्साहस? अरे! शिव जगतपिता हैं. कितना भी सौन्दर्य हो, पर उससे पिता को मोहित करने चली हो? तुम्हारी यह अशोभनीयता क्षमा योग्य नहीं. जाओ आज से मेंढकी हो जाओ और पिता रूप में प्रभु का नाम जपना. और लज्जित मधुरा मेढकी बन, एक कुएं में रहने लगी।

मयासुर की बिटिया मंदोदरी, अत्यंत सुन्दर थीं. पूर्व की बातें उन्हें याद थीं. उस कुएं में बारह वर्षों की कठिन तपस्या से अब जा कर मुक्ति मिली थी. इस सबके प्रभाव से मंदोदरी अत्यंत धार्मिक, और सुलक्षणा कन्या थीं. पूरे असुर लोक में उनके योग्य कोई वर, मयासुर को नहीं जंचता. पर भाग्य ने सबकुछ पहले जान लिया है. और इसी के प्रभाव से लंकेश रावण ने मयासुर को युद्ध में परास्त कर दिया. रावण के बल, ज्ञान और पराक्रम पर मंदोदरी पहले से ही मोहित थीं. जब रावण ने सुन्दरी मंदोदरी से ब्याह रचाया तब जाकर भविष्य की योजना पूरी हुई।

रावण की क्रूरता, पाप और अत्याचारों से अलग मंदोदरी, महासती थीं. उनका पतिव्रत धर्म रावण को विनाश से बचा ही लेता. पर काल के आगे कौन ठहर सका है. रावण, स्वयं आदिशक्ति सीता को हर लाया. अपने सर्वनाश की प्रतिलिपि खुद ही लिख दी थी. मंदोदरी मन प्राणों से रावण को समझाती रहीं. सौगन्ध दी, रो रो कर विनती की. आखिर कुल का विनाश, और अपने पुत्रों को काल का ग्रास बनता देखती रहीं. लेकिन रावण के हठ के आगे कुछ न बचा था. उनके परामर्शों को रावण ने भले ही न माना हो, पर संसार आज भी मंदोदरी को पंच कन्याओं में प्रातः स्मरण करता है. राक्षस कुल जहाँ हर व्यभिचार स्वाभाविक है, उस कुल की कन्या और वधू होकर भी चरित्र का यह वैभव, मंदोदरी को वंदनीय बनाता है, परन्तु उनके सत्कर्म लंका में दूसरी तरह से फलित हुए. मंदोदरी की पुत्रवधु के रूप में सुलोचना ने गृहप्रवेश किया. मेघनाद की पत्नी सुलोचना, नागलोक की कन्या थीं (इनका जन्म विवरण, श्रृंखला में पहले लिख चुकी.) सुलोचना अपूर्व धर्म परायण और पतिव्रता थीं. उनके तेज और सदाचरण से लंका जगमग रहा करती. उनके हर तरह से परिपूर्ण जीवन में केवल एक कमी थी. उन्हें मायके का सुख प्राप्त नहीं था।

असल में सुलोचना के धर्मपिता शेषनाग थे. सुलोचना का विवाह, इंद्र के पुत्र जयंत से होना था. परन्तु मेघनाथ ने युद्ध में जयंत और इन्द्र, दोनों को बुरी तरह परास्त किया. इस इंद्रजीत पर सुलोचना अपना मन हार बैठीं. और शेष जी की इच्छा के विरुद्ध उन दोनों ने गंधर्व विवाह कर लिया. सुलोचना को प्रेम मिल गया पर मायका छूट गया. पति की अनंत भक्ति में सुलोचना ने कभी इसका खेद नहीं रखा. सुलोचना का सतीत्व, और धर्माचरण, इंद्रजीत का सुरक्षाकवच था. पिता रावण के साथ मिल कर किए गए दुराचार, सुलोचना के सतीत्व के आगे निष्फल हो जाया करते. इधर इंद्रजीत ने भी सीता के विषय में रावण को समझाने का बहुत प्रयास किया था. पर पिता नहीं माने और अंततः पुत्रधर्म रक्षा में इंद्रजीत, राम से युद्ध को चले। परिणाम तो मृत्यु ही थी. पराक्रमी, महा तेजस्वी और अजेय मेघनाद की भुजा एक ही वार में कट कर लंका में जा गिरी. दूसरे प्रहार में ही सर धड़ से अलग हो गया. इस मृत देह को सम्मान पूर्वक श्री राम ने रखवा दिया।



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

उधर जो भुजा लंका में गिरी थी, सुलोचना ने उसे पहचान लिया था. पर मन कैसे मान ले कि प्राणधन अब जा चुके. सुलोचना ने उस भुजा से ही उसकी गति पूछी. सतीत्व के प्रभाव से, भुजा ने सब हाल लिख सुनाया. महल में हाहाकार मच गया. बिलखती सुलोचना की रावण से विनती थी, कि वह शव मंगवा दिया जाए. सुलोचना सती होना चाहती हैं. राघव कृपा से लगभग पूरे कुल को सद्गति मिल चुकी थी, यह रावण को ज्ञात था. उसने सुलोचना से कहा -₹ हे पतिव्रते, इंद्रजीत को राम के हाथों मुक्ति मिली है. ऐसे में मेरा उसे स्पर्श करना, उसकी सद्गति में बाधा बनेगा. उसके मोक्ष प्राप्ति के अधिकार पर मेरा विघ्न बनना उचित नहीं. राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं. तुम वहां सर्वथा सुरक्षित हो. निश्चिंत होकर वहां जाओ, वह तुम्हारी इच्छानुसार सब व्यवस्था करेंगे।

सुलोचना, राम खेमे में पहुंची. श्री राम ने आदरपूर्वक उनकी सब बातें सुनी. पर 'मृत भुजा ने लिख कर बताया' यह सुन कर लक्ष्मण सहित वानर, हंस पड़े. वह पति वियोग से दग्ध-हृदय हतभागिनी रो पड़ीं. तड़प कर कहा - 'हे सुमित्रानंदन, आज आप विजयी हैं. पर व्यर्थ अभिमान न कीजियेगा कि आपने इंद्रजीत को परास्त किया. यह तो दो पतिव्रताओं के भाग्य आपस में लड़ गए. आज उर्मिला के पतिव्रत की जीत इसलिए हुई, कि मेरे नाथ, स्त्री हरण करने वाले का अन्न पाते थे. यदि मेरा भी पतिधर्म अटल है , तो मेघनाद का यह सर हँस पड़ेगा. और उनके साथ मैं यहीं अग्नि को प्राप्त करूंगी'। तत्काल मेघनाद का सर अट्टहास कर उठा. साथ ही अग्नि प्रगट हुई और अगले ही क्षण उस अग्नि में, सुलोचना पति के साथ स्वर्ग की ओर चलीं और पीछे छोड़ गईं संसार में अपने लिए देवी तुल्य सम्मान और श्रद्धा. विपरीत वातावरण में भी ऐसा धर्म बनाए रखना दुर्गा तत्व से ही संभव है. इसे हम सब का नमन। ***जय सियाराम...***

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

# सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, रविवार, 18 अक्टूबर, 2026



मैं चाहता हूं कि आप देश को अपना देश मानें, लोगों को अपना मानें और उनके मुद्दों को उठाएं। हो सकता है कभी सरकार अगर भटक रही हो, तो आप उसको वापस सही राह पर ला सकते हैं। **- एसपी वैद्य, पूर्व डीजीपी**

## रथयात्रा में चोरी करने वाले पकड़े

**पन्ना।** अमानगंज में बागेश्वर धाम की सनातन हिंदू रथयात्रा के दौरान जेबकतरी और आभूषण चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर 5 महिलाओं समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 42 लाख रुपये का चोरी का माल बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह धार्मिक आयोजनों और मेलों में भीड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देता था।

## 2699 किलो बेकरी शॉर्टनिंग सीज

**जयपुर।** झोटवाड़ा स्थित एक निजी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पर केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने कार्रवाई करते हुए 2,699.2 किलोग्राम बेकरी शॉर्टनिंग सीज की। निरीक्षण में चंचल, नेहा गोल्ड और जय श्री गोल्ड ब्रांड नाम से उत्पाद बनाए और बेचे जाने का मामला सामने आया। विभाग ने गुणवत्ता, लेबलिंग और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी है।

### दो घंटे चली वार्ता में रेगुलेशन बदलने की मांग पर सरकार ने नहीं दी सहमति

# जयपुर में किसानों की वार्ता विफल, आज हैड पर कब्जा करने की घोषणा

**सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर।**



खेत बचाओ किसान बचाओ संग्रह समिति द्वारा शनिवार को भी उपखंड कार्यालय के आगे धरना जारी रहा। इधर शनिवार को शासन सचिवालय में किसानो और सिंचाई मंत्री , सिंचाई विभाग के जनरल चीफ अमरजीत सिंह के साथ वार्ता हुई परन्तु वार्ता सफल नहीं हुई। वार्ता विफल होने की सूचना मिलते ही किसान नेताओं ने रविवार को बिरदवाल हैड पर कब्जा करने की घोषणा की। रविवार को किसान भारी संख्या में धरना स्थल से रवाना होंगे । किसान रविवार को हेड पर कब्जा कर अनूपगढ़ शाखा के गेट खोलेंगे। इसकी घोषणा किसानों ने शनिवार रात 8 बजे करते हुए आर पार की लड़ाई करने का ऐलान कर दिया है। शनिवार को शासन सचिवालय में सिंचाई मंत्री सुरेश रावत की अध्यक्षता में हुई हाइपावर कमेटी की वार्ता में सिंचाई मंत्री सुरेश रावत, अतिरिक्त शासन सचिव अमरजीत मेहरड़ा, प्रमुख शासन सचिव, हाईपावर कमेटी के पूर्वमंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, विधायक गुरवीर सिंह बराड़, पूर्व सांसद निहालचंद मेघवाल, तथा पवन दुग्गल आदि ने भाग लिया। दो घंटे चली बैठक में रेगुलेशन बदलने की मांग पर सरकार ने असहमति जताने के कारण वार्ता सिरे नहीं चढ़ सकी। किसानों की ओर वार्ता के लिए किसान नेता गुरभेज सिंह गिल, मांगीलाल देहड़ू, आत्मासिंह, कुलदीप रमाणा, हरसुख चौधरी, राजेश पूनिया, सुरेश सहारण, कालूराम कूंट तथा रायविरेन्द्र सिंह बराड़ ने भाग लिया। कोर कमेटी के नरेंद्र मान ने बताया कि किसान 18 अक्टूबर से अनूपगढ़ शाखा नहर में पानी छोड़ने की माँग कर रहे थे। अब किसान घर खाली हाथ नहीं जाएंगे। हजारों की संख्या में किसान बिरधवाल हेड पर कब्जा कर अनूपगढ़ शाखा नहर में पानी छोड़ेंगे।

## डांडिया की खनक पर थिरके कदम...




***श्रीगंगानगर।*** *शहर में शनिवार रात को विभिन्न स्थानों पर डांडिया का उत्साह नज़र आया। नोजगे स्कूल के फाउंटेन पार्क में भी डांडिया उत्सव का आयोजन किया, जिसमें डांडिया की खनक पर लेडीज़ के कदम खूब थिरके।* **- सीमा सन्देश**

### बाबा जसदीप सिंह गिल ने ओपन कार में अनुयायियों को दिये दर्शन, सिमरन व सत्कर्म का संदेश दिया

# लालपुरा के राधा स्वामी डेरे में पहले दिन उमड़े डेढ़ लाख अनुयायी

**शिवशंकर सारड़ा**



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।** लालपुरा-पालीवाला स्थित राधा स्वामी डेरा मेजर सेंटर में शनिवार को करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान डेरा प्रमुख बाबा जसदीप सिंह गिल ने सत्संग में मानव जीवन का महत्व समझाते हुए ईश्वर के नाम का सिमरन, मन की स्थिरता व कर्म के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सच्चे मन से ईश्वर का नाम सिमरन करते हुए सत्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए और हर कार्य पूरी लगन से करना चाहिए। रविवार को भी सत्संग व नामदान का कार्यक्रम होगा, जिसमें संगत की संख्या बढ़ने की संभावना है। सत्संग के दौरान बच्चों व श्रद्धालुओं ने बाबा जसदीप सिंह गिल से विभिन्न सवाल पूछे। जीवन में सफलता हासिल करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने काम के प्रति समर्पित रहना चाहिए। बार-बार काम बदलने के बजाए उसमें निरंतरता व ठहराव बनाए रखना जरूरी है। मन में दृढ़ विश्वास हो तो सफलता की राह आसान होती है। उन्होंने मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए इसे व्यर्थ नहीं गंवाने व अच्छे कर्मों के साथ जीवन को सार्थक बनाने की सीख दी। एक बच्चे ने मोबाइल देखने पर माता-पिता की टोकाटाकी से बुरा लगने की बात पूछी। इस पर बाबा जसदीप सिंह गिल ने कहा कि पढ़ाई की उम्र में ज्यादा मोबाइल देखना उचित नहीं है। माता-पिता बच्चों का भला चाहते हैं और चाहते हैं कि वे पढ़-लिखकर कामयाब बनें। इसलिए बड़ों की बात माननी चाहिए। वहीं, सत्संग में आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर उठे सवाल पर उन्होंने समझाया कि सच्चे व अच्छे इंसान की कद्र करनी चाहिए, जो लोगों को गलत रास्ते से निकालकर सही मार्ग दिखाए। कार्यक्रम में पाठी साहिबान ने गुरुबाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। सत्संग के बाद बाबा जसदीप सिंह गिल ने खुली कार में श्रद्धालुओं को दर्शन देने के साथ डेरा परिसर का निरीक्षण भी किया।

### आज भी होगी सत्संग, दिया जाएगा नाम दान



डेरा सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाबा जसदीप सिंह गिल सत्संग करेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को नामदान दिया जाएगा। आयोजन को लेकर पिछले करीब एक महीने से सेवादार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। पंजाब, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का पहुंचना तीन-चार दिन पहले ही शुरू हो गया था। संगत के लिए लंगर, पार्किंग व ठहरने की व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड से डेरे तक पहुंचाने के लिए विशेष वाहनों की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन व सेवादार मुस्तैद हैं। सूरतगढ़-श्रीगंगानगर हाईवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए सेवादार पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

### चौक-चौराहों पर स्वयंसेवकों का हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

# आरएसएस का पथ संचलन, शस्त्र पूजन



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना वर्ष व विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में संघ का वार्षिकोत्सव व पथ संचलन उत्साह एवं अनुशासन के साथ आयोजित हुआ। संघ के बैंड के साथ पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए स्वयंसेवकों का पथ संचलन आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बिश्नोई मंदिर में कार्यक्रम की शुरूआत शस्त्र पूजन से हुई। संघ के विभाग संघचालक चिमन लाल व जिला संघचालक सुरेन्द्र कुमार ने भारत माता के चित्र के समक्ष शस्त्र पूजन किया। इसके बाद बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चिमन लाल ने राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण व सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, अनुशासन व राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। इसके बाद घोष की धुन के साथ पथ संचलन शुरू हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। यातायात व्यवस्था व संचलन को सुचारू बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की अलग-अलग टीमें तैनात रहीं। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति व विभिन्न सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भगत सिंह चौक व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू मूंदड़ा, परवेज पठान, रमेश पारीक, नरेश भोजक, अंकुर धानुका, विजय लाहोटी, राधेश्याम, गुलजारी सुखीजा, सोनू कच्चाछा आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।




Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

# सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

## सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

# हार्दिक धन्यवाद

### हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

**आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें**

**Helpline: 93528 93528**